


आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

# यश भारत




● वर्ष- 16 अंक 235 ● कटनी ● बुधवार, 28 सितम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष-3 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935


# पीएफ आई पर व 8 सहयोगी संगठनों पर 5 साल का बैन

## प्रोफेसर का हाथ काटा, नृशंस हत्याएं...

## सरकार ने खोला पीएफआई के काले कारनामों का कच्चा चिट्ठा

**नई दिल्ली, ईएमएस। केंद्र सरकार ने बुधवार सुबह पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया, यानी पीएफ आइ को 5 साल के लिए बैन कर दिया। पहले इस संगठन पर दिसंबर तक बैन लगाने की तैयारी थी। PFI के अलावा 8 और संगठनों पर कार्रवाई की गई है। गृह मंत्रालय ने इन संगठनों को बैन करने का नोटिफिकेशन जारी किया है। इन सभी के खिलाफ टेरर लिंक के सबूत मिले हैं।**

PFI के अलावा रिहैब इंडिया फाउंडेशन , कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया ,ऑल इंडिया इमाम काउंसिल , नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन , नेशनल वुमंस फ्रंट, जूनियर फ्रंट, एम्पावर इंडिया फाउंडेशन, रिहैब फाउंडेशन, जैसे सहयोगी संगठनों पर भी बैन लगाया गया है। गृह मंत्रालय की तरफ से जारी अधिसूचना में पीएफआई के काले कारनामों को पूरा कच्चा चिट्ठा खोलकर रख दिया गया है।

### सरकार ने गिनाए काले कारनामे

सरकार ने पीएफआई के काले कारनामों को गिनाते हुए कहा है कि यह आतंकी मामलों में शामिल रहा है और देश के संवैधानिक प्राधिकार का अनादर करता है और बाहरी स्रोतों से फंड प्राप्त करके भारत की आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहा है। इसके अलावा यह भी स्पष्ट हुआ है कि पीएफआई हिंसक और विध्वंसक कार्यों में लिप्त है। एक कॉलेज के प्रोफेसर का हाथ काटना, अन्य धर्मों का पालन करने वाले संगठनों से जुड़े लोगों की निर्मम हत्या करना, प्रमुख लोगों और स्थानों को निशाना बनाने के लिए विस्फोटक प्राप्त करना और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के सबूत हासिल हुए हैं। सरकार ने बताया है कि कई लोगों की हत्या में भी पीएफआई का हाथ रहा है। तमिनलनाडु के वी रामलिंगम, केरल के नंदू, कर्नाटक के आर रूद्रेश, प्रवीण पुजारी, तमिलनाडु के शशि कुमार और प्रवीण नेतारू हत्याकांड में भी पीएफआई का ही हाथ रहा है। इसके अलावा पीएफआई के सदस्य सीरिया, ईराक और अफगानिस्तान जाकर आतंकी समूहों में भी शामिल हुए हैं। इसके अलावा पीएफआई हवाला और डोनेशन के जरिए भारत में कट्टरपंथ फैलाने के लिए धन इकट्ठा कर रहा है। बता दें कि दो दिन की रेड के बाद पीएफआई के कम से कम 250 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। एनआईए के छापेमारी में भी कई ऐसे सबूत मिले हैं जिससे पीएफआई के टेरर लिंक की पुष्टि होती है। पीएफआई लंबे समय से एजेंसियों के रडार पर था। गृह मंत्रालय का कहना है कि पीएफआई ने समाज के विभिन्न वर्गों, युवाओं, छात्रों और कमजोर वर्गों को टारगेट करने के लिए सहयोगी संगठनों की स्थापना की है। इसका एकमात्र उद्देश्य प्रभाव और फंड जुटाने की क्षमता को बढ़ाना है।




### एक और नोटिफिकेशन जारी, अमित शाह ने राज्यों को दिए अधिकार

- पीएफआई पर बैन का आदेश जारी करने के बाद अमित शाह के मंत्रालय ने एक और अधिसूचना जारी की है। इसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह अधिकार दिया गया है कि वे पीएफआई और इससे जुड़े लोगों के खिलाफ यूएपीए कानून के तहत कार्रवाई कर सके। पीएफआई पर बैन राज्य सरकारें भी एक्शन में आ गई हैं। मध्य प्रदेश के इंदौर और उज्जैन में पुलिस कार्रवाई कर रही है। उज्जैन में पीएफआई का ऑफिस सील कर दिया गया है। इसी तरह दिल्ली और उत्तर प्रदेश में भी पीएफआई का खेल पूरी तरह खत्म करने की तैयार हो रही है। दिल्ली में संघ के दफ्तरों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### आतंकवादी समूहों से लिंक

गृह मंत्रालय ने नोटिफिकेशन में कहा है कि पीएफआई के वैश्विक आतंकवादी समूहों जैसे कि आईएसआईएस से लिंक के उदाहरण मिले हैं। इससे जुड़ी संस्थाएं देश में असुरक्षा की भावना पैदा कर कट्टरपंथ को बढ़ाने का काम कर रही हैं। पीएफआई के संस्थापक कई सदस्य सिमी के भी सदस्य रह चुके हैं।


## नोटबंदी के खिलाफ सुनवाई स्थगित

### SC बोला- देखना होगा इसे सुनने की जरूरत है या नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार के नोटबंदी के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पहुंची याचिका पर सुनवाई 12 अक्टूबर तक के लिए स्थगित हो गई है। कोर्ट का कहना है कि पहले यह जांच की जाएगी कि नोटबंदी को चुनौती दे रही याचिकाएं अकादमिक तो नहीं बन गई हैं। कोर्ट के अनुसार, यह भी पता लगाना होगा कि इसे सुना जा सकता है या नहीं। सरकार ने साल 2016 में नोटबंदी का ऐलान किया था। बुधवार को जस्टिस एस अब्दुल नजीर, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस एएस बोपन्ना, जस्टिस वी रामसुब्रमण्यम और जस्टिस बीवी नागरत्ना की संविधान बेंच 58 याचिकाओं पर विचार कर रही थी। ये याचिकाएं केंद्र सरकार के साल 2016 में लिए गए नोटबंदी के फैसले के खिलाफ दायर की गई थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस नजीर ने सवाल किया, च्क्या अब भी यह बचा है।ज्इसपर वकील ने जवाब दिया कि शीर्ष न्यायालय ने साल 2016 में कई मुद्दों की पहचान की थी और मामले को संविधान बेंच के पास भेज दिया था। उन्होंने बताया कि इस मामले पर उच्च न्यायालयों में सुनवाई पर रोक लगा दी थी। बाद में जस्टिस गवई की तरफ से भी इसी तरह का सवाल किया गया।



## चीनी सीमा पर बढ़ी हलचल, भारत ने तैनात किए रॉकेट



### तोप LAC के लिए बन रही योजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी। सेना ने चीन से लगी सीमा पर कई तरह के रॉकेट और तोपें तैनात कर गोलाबारी की अपनी ताकत में काफी इजाफा किया है। साथ ही, इसकी योजना और 100, के-9 वज्र होवित्जर और मानव रहित यान( यूएवी) सहित बड़ी संख्या में अतिरिक्त सैन्य उपकरण खरीदने की है। भारतीय थल सेना की तोपखाना इकाइयां, के-9 वज्र च्ट्रैक्ड सेल्फ प्रोपेल्ड होवित्जर, अत्यधिक हल्के एम-777 होवित्जर, पिनाका रॉकेट प्रणालियां और धनुष तोप प्रणालियां पहले ही तैनात कर चुकी हैं। रक्षा प्रतिष्ठान सूत्रों ने बताया कि सेना की योजना वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपनी तोपखाना इकाइयों को 90 किमी की रेंज वाले मानव रहित यान से लैस करने की है। एक सूत्र ने बताया, च्हम 15-20 किमी की दूरी तय करने वाले और चार घंटों तक 80 किमी के दायरे में निगरानी करने वाले मानव रहित यान खरीदने पर विचार कर रहे हैं।

## जैश के 2 आतंकी मारे गए कुलगाम में एनकाउंटर जारी

**जम्मू/श्रीनगर, ईएमएस।** कश्मीर में कुलगाम के अहवातू में मंगलवार शाम को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर शुरू हुआ। जवानों ने अब तक जैश ए मोहम्मद के दो आतंकियों को मार गिराया है। वहीं, सुरक्षाबलों ने एक आतंकियों को घेर रखा है। पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने कुलगाम के अहवातू इलाके की घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया।इस बीच आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाईं और मुठभेड़ शुरू हो गई।

## 11 FIR, 4 गिरफ्तार, कमिश्नर को जांच के आदेश

# श्योपुर में राशन वितरण में गड़बड़ी पर D S O सस्पेंड

भोपाल यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का लापरवाही और गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों पर एक्शन जारी है। बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्योपुर जिले के अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक की शुरुआत में सीएम ने कहा कि आज नवरात्रि का तीसरा दिन है। मां से प्रार्थना है कि प्रदेश का विकास और लोगों की सेवा कर सकें। सीएम ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि राशन आपके ग्राम के तहत 4 गाड़ियां संचालित हैं। मेरे पास जो शिकायतें हैं उनमें उचित मूल्य की दुकान नियमित नहीं खुल रही है। इस पर कलेक्टर और एसपी ने सीएम को जानकारी दी कि राशन वितरण में लापरवाही के मामले में 11 एफआईआर की गई हैं। पेनाल्टी भी लगाई गई है। चार लोगों की गिरफ्तारी हुई है। मुख्यमंत्री ने बाकी शिकायतों पर भी कार्रवाई तीव्र गति से करने को कहा। उन्होंने कहा कि इसको बहुत गंभीरता से लो। राशन में गड़बड़ करने वाले को हम नहीं छोड़ेंगे।



### चावल से भरे दो ट्रक पकड़े

एसपी ने बैठक में बताया कि चावल से भरे दो ट्रक भी पकड़े गए हैं। इस मामले में कल कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री ने जिला आपूर्ति अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि गलत तथ्य प्रस्तुत न करें। गरीबों तक सही तरीके से राशन पहुंचे, ये हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने वीडियों काफ्रेंस बैठक में ही डीएसओ को सस्पेंड कर दिया।

### कमिश्नर को जांच के आदेश

मुख्यमंत्री ने राशन वितरण में गड़बड़ी को लेकर कमिश्नर को जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शाम तक मुझे रिपोर्ट भेजें और जो भी दोषी हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। गरीबों का राशन खाने वालों को छोड़ना नहीं है।

### पैसे मांगने पर चार सस्पेंड

मुख्यमंत्री ने अधिकरियों से आवास योजना की जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि गरीबों से कोई पैसे के लेनदेन की शिकायत तो नहीं है। इस पर कलेक्टर ने जवाब दिया कि एक एफआईआर की गई। इसमें चार को सस्पेंड किया गया है। सीएम ने कहा कि जिनकी शिकायत आई है। उनकी सेवा समाप्त करने की कार्रवाई करें।



## राजस्थान में अब हिरणों में भी फैला लंपी वायरस,आंख और शरीर पर गांठे बन रहीं

# 25 की मौत

**बाड़मेर, एजेंसी।** राजस्थान में गौवंश के लिए काल बनकर आया लंपी वायरस अब हिरणों में फैल रहा है। पिछले डे? महीने में इस बीमारी से 35 हिरण संक्रमित हुए, जिसमें से 25 की मौत हो चुकी है। इस खबर के बाद से पशुपालन विभाग में खलबली मच गई है। आनन-फानन में मौके पर टीम भेजी गई है। सैंपल लिए जा रहे हैं। लंपी हिरणों में फैलने का दावा किसने किया और किस आधार पर किया है? हिरणों में लंपी फैलने के दावे की हकीकत जानने के लिए हम आपको बाड़मेर से करीब 73 किमी दूर कातरला ले चलते हैं। यहां अमृता देवी वन्य जीव संरक्षण संस्थान है। यहां वन्य जीवों का इलाज किया जाता है।

## अंकिता के मर्डर के बहाने भाजपा पर तंज

### राहुल बोले- अंकिता इसलिए मारी गई क्योंकि उसने प्रॉस्टिट्यूट बनने से इंकार किया था

**मलप्पुरम , एजेंसी।** राहुल गांधी ने केरल में रैली के दौरान अंकिता मर्डर केस पर कहा कि उसकी मौत केवल इसलिए हुई क्योंकि उसने प्रॉस्टिट्यूट बनने से इंकार कर दिया था। राहुल ने उत्तराखंड की धामी सरकार पर भी सबूत मिटाने के आरोप लगाए, क्योंकि वहां आरोपी पुलकित आर्य के वनंतरा रिजॉर्ट को अंकिता की लाश मिलने के बाद तोड़ दिया गया था।राहुल मंगलवार को केरल के मलप्पुरम के पांडिक्कड़ इलाके में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने अंकिता की मौत और भारत में महिलाओं की हालत पर कहा- च्भारत की महिलाएं हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। लेकिन भाजपा उनके साथ वस्तु जैसा व्यवहार कर रही है। इसका सबसे घटिया उदाहरण उत्तराखंड में अंकिता की हत्या है। भाजपा के सीएम ने आरोपियों को बचाने के लिए सभी सबूतों पर बुलडोजर चलवा दिया। हम बीजेपी को महिलाओं के साथ दोयम दर्जे के नागरिक के रूप में व्यवहार नहीं करने देंगे।ज्छ्विभाजन की रणनीति की आलोचना करते हुए राहुल ने कहा कि देश में ऐसे लोग हैं जो सोचते हैं कि नफरत और हिंसा फैलाने से समस्याएं हल हो जाएंगी। राहुल गांधी ने कहा कि देश में कुछ लोग ऐसे हैं जो ये मानते हैं कि भारत की सभी समस्याओं का जवाब देश में नफरत, हिंसा और गुस्सा फैलाना है। वे इस देश को विभाजित और कमजोर करने में यकीन करते हैं।





# चार्जिंग पर लगाया मोबाइल बैंक खाता हो गया खाली!

## अकाउंट से 16 लाख उड़ाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पब्लिक प्लेस पर मोबाइल फोन को चार्ज करना बेहद खतरनाक हो सकता है। कई लोगों के बैंक अकाउंट से लाखों रुपये निकाले जा चुके हैं। दरअसल इन दिनों ठग जूस जैकिंग के जरिए लोगों को लाखों रुपयों की चपत लगा रहे हैं। जूस जैकिंग असल में यह एक तरह का साइबर या वायरस अटैक होता है। इसमें क्रिमिनल पब्लिक प्लेस जैसे- एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड या मॉल में इस्तेमाल होने वाले स्ब्र चार्जिंग पोर्ट के जरिए किसी भी मोबाइल, लैपटॉप, टैबलेट या दूसरे डिवाइस में मालवेयर इन्स्टॉल करके पर्सनल डेटा चुरा लेते हैं। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, अभी हाल ही में हैदराबाद में एक कंपनी के ष्ट्श्वह्र किसी पब्लिक प्लेस पर अपना मोबाइल स्ब्रपोर्ट के जरिए चार्ज कर रहा थे। इसके बाद में उन्हें पता चला की उनके अकाउंट से 16 लाख रुपये निकाल लिए गए हैं। दिल्ली में भी बीते दिनों एक महिला ने शिकायत करके बताया था कि दिल्ली एयरपोर्ट पर मौजूद स्ब्रचार्जिंग स्टेशन पर फोन चार्ज चार्ज कर रही थी। इस दौरान उसके पास मैसेज आया कि उसके खाते से एक लाख 20 हजार रुपये निकाल लिए गए हैं। अब इसे लेकर सरकार ने लोगों को सावधान भी किया है। चलिए आपको बताते हैं ये कितना खतरनाक है और इससे बचाव का तरीका क्या है। **फोन हो जाता है चार्ज लेकिन खाता खाली**- जूस जैकिंग का सीधा मतलब है कि जब सार्वजनिक जगहों पर अपने मोबाइल को चार्ज करने के लिए चार्जिंग पोर्ट का इस्तेमाल करते हैं। इसी पोर्ट के जरिये मोबाइल फोन पर साइबर अटैक होता है। यह काम दो तरह से हो सकता है या तो पावर केबल से या डेटा केबल से। दोनों केबल मोबाइल फोन पर आफत बन कर टूट सकते हैं, अगर किसी पब्लिक प्लेस पर फोन चार्जिंग में लगया जाए। लोग अकसर ऐसा करते हैं कि कैफे, रेलवे स्टेशन, मेट्रो, बस स्टैंड या एयरपोर्ट पर जहां चार्जिंग पोर्ट खाली दिखता है, मोबाइल चार्ज में लगा देते हैं। आपका मोबाइल तो चार्ज होता है, लेकिन उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। इस दरमियान आपके फोन पर मैलवेयर का साइबर अटैक हो सकता है। इस तरह की साइबर वारदात यूएसबी चार्जिंग पोर्ट से शुरू होती है जो कि सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जाते हैं। ऐसे ऑनलाइन अपराध को जूस जैकिंग कहा जाता है।

### ऐसे निकाले जा रहे रुपये न करें ये गलती

# अशोक गहलोत को करना ही होगा त्याग?

## नरमी के पीछे सोनिया गांधी का बड़ा प्लान, सचिन पायलट भी होंगे खुश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अशोक गहलोत भले ही राजस्थान के मुख्यमंत्री पद का मोह नहीं त्याग पा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस उन्हें ऐसा करने के लिए मना रही है। आनंद शर्मा, अंबिका सोनी समेत कई वरिष्ठ नेताओं को सोनिया गांधी ने जिम्मेदारी दी है कि वह अशोक गहलोत को राजी करें कि वह अध्यक्ष पद का नामांकन दाखिल करें। यही नहीं गहलोत को समझाया जा रहा है कि यदि वह हाईकमान की नाराजगी से बचना चाहते हैं तो अध्यक्ष पद स्वीकारें और अगले सीएम को चुनने का फैसला सोनिया गांधी पर ही छोड़ दें। दरअसल रविवार को विधायक दल की बैठक से अलग मीटिंग होने पर हाईकमान अशोक गहलोत के करीबियों को नोटिस देकर संदेश जरूर देना चाहता है, लेकिन मौजूदा हालात ऐसे हैं कि कोई बड़ा ऐक्शन भी लेने से बच रहा है। ऐसे में किसी के लिए भी अहं का सवाल न बने और रास्ता भी निकल आए, इस पर विचार चल रहा है। इसी सिलसिले में मल्लिकार्जुन खड़गे, आनंद शर्मा और अंबिका सोनी ने गहलोत से बात की है। इसके अलावा पार्टी प्लान बी पर भी काम कर रही है। इसके तहत कुछ सीनियर नेताओं को तैयार रखा गया है कि यदि गहलोत राजी नहीं होते हैं तो वे अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करें। शायद इसी रणनीति के तहत 29 और 30 सितंबर को ज्यादातर सीनियर नेताओं को दिल्ली में रहने को कहा गया है। राजनीति से संन्यास का ऐलान करने वाले एके एंटनी को भी सोनिया गांधी ने बुलाया था, जिन्हें कांग्रेस का संकटमोचक कहा जाता रहा है।



### अध्यक्ष पद को लेकर प्लान बी पर भी चल रहा काम

बता दें कि कांग्रेस लीडरशिप ने विधायकों की अलग मीटिंग करने को लेकर अशोक गहलोत के करीबी मंत्रियों शांति धारीवाल और महेश जोशी को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। कांग्रेस हाईकमान ने अध्यक्ष पद के नामांकन के लिए मीरा कुमार, मल्लिकार्जुन खड़गे, कुमारी शैलजा, दिग्विजय सिंह, मुकुल वासनिक जैसे नेताओं को भी तैयार रहने को कहा है। फिलहाल प्रयास यही चल रहे हैं कि अशोक गहलोत को समझा लिया जाए और उनका नामांकन करा दिया जाए। इस बीच शशि थरूर का कहना है कि वह 30 सितंबर को नामांकन दाखिल करेंगे।

## लखीमपुर खीरी में भीषण सड़क हादसा

# बस-ट्रक की टक्कर में 8 की मौत, 25 घायल

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां यात्री बस औरक ट्रक की टक्कर में 8 लोगों की जान चली गई है। 25 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। नीचे देखिए तस्वीरें। हादसा लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर पुलिस सीमा के अंतर्गत शारदा पुल पर हुआ। निजी बस धौरहरा से लखनऊ जा रही थी। लखीमपुर खीरी के एसडीएम संजय कुमार ने बताया है कि कुछ घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है। वहीं मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है और अधिकारियों को तुरंत मौके पर जाने का निर्देश दिया है। पुलिस ने हादसे के कारण पता करने के लिए जांच शुरू कर दी है। पता लगाया जा रहा है कि दोनों में से कोई ड्राइवर लापरवाही पूर्वक तो वाहन नहीं चला रहा था। घायलों में कुछ की हालत गंभीर है।





## श्री वृहत् महाकाली महोत्सव कालीधाम गढ़ाफाटक में महाआरती 30 को

श्री वृहत् महाकाली महोत्सव कालीधाम गढ़ाफाटक में विराजित महाकाली की विशाल महाआरती एवं भण्डारा का आयोजन 30 सितम्बर शुक्रवार को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकी विधायक अजय विश्नोई, विनोद गोटिया अध्यक्ष पर्यटन विकास निगम (म.प्र.) संदीप रजक (निशक्त जन आयुक्त म.प्र.), आशीष गोटिया जी, भा.ज.पा. प्रदेश उपाध्यक्ष,श्रीमती अर्चना जी कोरचे (अनुसूचित जनजाति प्रदेश कार्य सदस्य), श्रीमती रजनी कैलाश साहू (पार्षद), अजीत समदड़िया ठा. शैलेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय महासभा अध्यक्ष, आशीष बैनर्जी मौजूद रहेंगे। उपस्थिति की अपील रामसिंह ठाकुर (बबलू) शशीकांत गुप्ता, उमेश राठौर, समर यादव, दीपक केशरवानी, अखिलेश नामदेव (गुड्डु अरूण नामदेव, सुरेन्द्र नामदेव, राजेश राठौर आदि ने की है।

# आज नवरात्र के तीसरे दिन शुभ योग में मां चंद्रघंटा की पूजा

## भक्तों की लंबी कतारें, जयकारों से गूंज रहे मां भवानी के दरबार







**जबलपुर ,यशभारत।** शारदीय नवरात्र का आज तीसरा दिन है। मां के तृतीय स्वरूप माता चंद्रघंटा की पूजा- अर्चना शुभयोग में की जा रही है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता चंद्रघंटा को राक्षसों की वध करने वाला कहा जाता है। मान्यता है कि मां चंद्रघंटा ने अपने भक्तों के कल्याण व दुख हरने के लिए हाथों में त्रिशूल, तलवार और गदा रखा हुआ है। माता चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र बना हुआ है, जिस वजह से भक्त मां को चंद्रघंटा कहते हैं। सुबह से मंदिरों में अनुष्ठान शुरू हो जाता है। आराधना के साथ ही मंदिरों में मातारानी के जयकारे गूंज रहे हैं। घंटों की गूंज के साथ ही भक्त अपने प्रार्थना लेकर दरबार में पहुंच रहे हैं। सुबह से रात तक शहर के देवी मंदिरों में भक्त परिवार सहित पहुंच रहे हैं। सुबह जल ढारने, आरती से लेकर रात में श्रंगार देखने के लिए लोग पहुंचते हैं। प्राचीन देवी मंदिर बूढ़ी खेरमाई मंदिर चारखंबा में सुबह से मां के भक्त पहुंच रहे हैं। यहां की व्यवस्था प्रशासन के हाथों में हैं और भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिर में मां धूमावती का पूजन वर्षो से किया जाता है। मंदिर में सुबह से लेकर रात तक भक्तों की कतार लगी रहती है। इसी तरह शहर के अलावा उपनगरीय क्षेत्रों के देवी मंदिरों में भक्त अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं। सर्वप्रथम बगलामुखी माता का प्रातःकाल श्रृंगार अर्चन, दोपहर में भगवती का भाव संध्याकाल रात में विशेष पूजन एवं महाआरती की जा रही है। ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज के सानिध्य में यह धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। यज्ञशाला में अखंड ज्योति भक्तों द्वारा स्थापित की गई है। जिनका पूजन दर्शन करने भक्त लोग आ रहे हैं। अखंड ज्योति के पास ब्राह्मणों द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है। भक्तों से उपस्थिति की अपील मधु यादव, डीके पटेल, मनोज सेन, हेमंत मिश्रा, बृजेश दुबे, वीरेंद्र सोनकर, संदीप पाठक आदि ने की है। श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीमठ आमनपुर में चैत्र नवरात्र पर्व पर महंत चंद्रशेखरानंद द्वारा माॅ भगवती का अभिषेक कर प्रतिदिन मां काली का पूजन अर्चन किया जा रहा है। आचार्य पुरोहितों द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ तथा महाआरती भक्तों द्वारा की जाती है। मंदिर में काली गुफा के दर्शन पंचमी तिथि से प्रारंभ होंगे। संस्कारधानी में दुर्गोत्सव की धूम देश-दुनिया में सुर्खियों में होती है। यहां के आकर्षक और सांस्कृतिक झांकियों को देखने के लिए लोग दूरस्थ इलाकों से भी पहुंचते हैं। दुर्गोत्सव समितियों ने कई दिन पहले से पंडालों को नयनाभिराम बनाने की योजना तैयार कर ली थी। वही अब साकार होने लगी है। पंचमी को शाम ढलते ही सड़कों पर लोगों की उमड़ने लगेगी। षष्ठी और सप्तमी को भक्तों का उमड़ना पूर्ववत कीर्तिमान दर्ज करेगा। अष्टमी को दुर्गा उत्सव अपने चरम पर पहुंचेगा। नवमीं को हर तरफ शेरावाली की जयकार गूंजेगी और फिर विजयदशमी की धूमधाम सुनाई पड़ने लगेगी। उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा, अधारताल, सदर, रांझी से लेकर मुख्य मार्ग व बाजार आदि में दुर्गा समितियां देखने लायक सजावट करती हैं। मंच को ऐसा सजाया जाता है कि भक्त सम्मोहित होकर बस निहारते रह जाते हैं। प्रत्येक प्रतिमा का दर्शन करने भक्त सड़कों पर उतर जाते हैं। कोई पैदल चलता दिखता है, तो कोई दोपहिया पर सवार होकर निकलता है। रतजगा करते भक्तों के चेहरों पर अपार उत्साह नजर आता है। वे हर हाल में सभी दुर्गा समितियों की मेहनत का अवलोकन करने की ठान कर घर से निकलते हैं।

### बंग पूजा समितियों की तैयारी अनूठी

जबलपुर में बंग समितियां शहर से लेकर उपनगरीय क्षेत्रों तक दुर्गा पूजन के लिए विशेष रूप से परम्परागत पंडाल सजाती हैं। इन प्रतिमाओं का चेहरा भी एकदम अलग होता है। इस प्रक्रिया में विधि-विधान का पूरा ध्यान रखा जाता है। पूजा की विधि भी शास्त्रोक्त होती है। इसीलिए यहां बंग समाज ही नहीं अन्य समाज के दुर्गा भक्त काफी संख्या में आते हैं। टेलीग्राफ में तो मेला लगता है। यहां जो एक बार आया वह घंटे दो घंटे तक बाहर नहीं निकलता। इतना आकर्षण होता है।

## विधिवत विद्युत कनेक्शन लेकर ही पंडालों में साज-सज्जा करें - प्रभारी आयुक्त

**जबलपुर, यशभारत ।** दशहरा पर्व के उपलक्ष में शहर में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं की समितियों से प्रभारी आयुक्त महेश कुमार कोरी ने विधिवत विद्युत कनेक्शन लेकर ही धार्मिक आयोजन संपन्न कराने एवं साज-सज्जा कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समितियों से कहा कि विधिवत रूप से विद्युत कनेक्शन न लेने की स्थिति में यदि कोई दुर्घटना होती है, तो इसके लिए नगर निगम प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा एवं समितियां इसके लिए उत्तरदायी होंगी। प्रभारी आयुक्त श्री कोरी ने स्पष्ट किया है कि नियमों का पालन नहीं करते हुए पंडालों में दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की जाती है, किसी प्रकार का कोई दुर्घटना अथवा जन हानि होती है, तो संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए प्रभारी निगमायुक्त ने जी.एस. मरावी कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री संदीप जायसवाल को निगरानी रखने और उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## खण्डकाव्य घटोत्कच विमोचित



**जबलपुर, यशभारत।** संदर्भ प्रकाशन भोपाल से प्रकाशित संस्कारधानी जबलपुर के महाकवि डॉ. कौशल दुबे प्रणीत खण्डकाव्य घटोत्कच का विमोचन विगत दिवस जबलपुर स्थित साई कालोनी में चल रहे श्रीमद्भागवत-कथा-ज्ञानयज्ञ के अवसर पर श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य, शरदकुमार दुबे की अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि रायपुर से पधारे देव प्रकाश दुबे, अभिमन्यु जैन, निरंजन द्विवेदी वत्स, सुरेश विचित्र, यू. एस. दुबे, डॉ. उदयभानु तिवारी, सुकोमल दुबे के सान्निध्य एवं श्रीमती विजय दुबे, शैलेन्द्र दुबे, अजय दुबे, अरविंद चौबे, अजय मिश्रा, विवेक दुबे, प्रशांत दुबे, की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती मनीषा दुबे द्वारा किया गया। डॉ. विनीता चौबे ने अपनी समीक्षात्मक टिप्पणी में घटोत्कच की महाभारत के महासमर में भूमिका को पितृभक्ति-भाव में निमग्न रहकर माँ हिडिम्बा द्वारा दी प्रेरणा को मूलाधार बताया। उज्ज्वल संस्कारों की जननी हिडिम्बा का चरित्र भी खण्डकाव्य में आज के युग में प्रेरणादायी रूप से सामने आया है। आभार विवेक दुबे द्वारा व्यक्त किया गया।

### हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का चुनाव

## अनिल खरे अध्यक्ष, प्रवीण दुबे सचिव निर्वाचित





**जबलपुर, यशभारत।** हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन, जबलपुर के चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल खरे अध्यक्ष व अधिवक्ता प्रवीण दुबे सचिव निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता सत्यप्रकाश मिश्रा, संयुक्त सचिव पद पर अधिवक्ता राजमणि मिश्रा, कोषाध्यक्ष पद पर शीतल तिवारी व पुस्तकालय सचिव पद पर अधिवक्ता विकल्प सोनी विजयी हुए। कार्यकारिणी सदस्य पद पर अधिवक्ता अभिषेक गुलाटी, हिमांशु श्रीवास्तव, कोस्तुभ सिंह, रणवीर सिंह परिहार व शिवेंद्र पांडे निर्वाचित हुए। 2008 में गठित इस बार का यह छठवां चुनाव था। मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता राकेश पांडे, सहायक चुनाव अधिकारी सुनील चौबे, तेज कुमार मो?, हरीश अग्निहोत्री व विपुलवर्धन जैन ने बताया कि हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन, जबलपुर के निर्धारित चुनाव कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार को प्रातः 10 30 से शाम साढ़े चार बजे तक मतदान हुआ। मतगणना कर विजेताओं के नाम घोषित किए गए। विजयी अधिवक्ताओं के समर्थकों ने फूल-मालाओं से लादकर खुशी मनाई। विजेताओं ने हाई कोर्ट परिसर के हनुमान मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया।

## व्यापारियों को अपडेट करने सराफा एसोसिएशन की कार्यशाला



महापौर, पार्षद को किया सम्मान

**जबलपुर, यशभारत।** सराफा एसोसिएशन जबलपुर ने अपने व्यापारियों को अपडेट करने के लिए मंगलवार होटल समदड़िया में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था इस कार्यशाला में सभी सराफा व्यापारियों को अपने माल को कैसे सुरक्षित रखें शोरूम की सुरक्षा कैसे रखें ऑनलाइन व्यापार को कैसे बढ़ाएं माल को सुरक्षित रखने के लिए गुनेवो इंडिया स्ज्ञश्चश्चस्त्रश्च तिजोरी से प्रकाश कुमार जी मुंबई से आकर उन्हें अपने तिजोरी की जानकारी दी जो ना टूट सकती हैं ना कट सकती हैं शोरूम की सुरक्षा के लिए रक्षा मंत्रालय से अप्रूव्ड मिर्ची स्प्रे की संपूर्ण जानकारी संजय मूले जी ने मुंबई से और ऑनलाइन एक्सपर्ट संतोष वर्मा जो दिल्ली से पधारे थे कम स्टॉक में ऑनलाइन के द्वारा अपने व्यापार को कैसे बढ़ा सकते हैं वर्मा जी ने जबलपुर के व्यापारियों को अपडेट किया कार्यशाला में जबलपुर के प्रथम नागरिक *महापौर जगत बहादुर सिंह का सम्मान किया गया जिन्होंने सराफा एसोसिएशन की वर्षो पूरानी मांग के लिए पुराने बस स्टैंड पर ज्वेलरी कलस्टर के लिए जमीन एमआईसी में पास कराई है साथ ही पार्षद कमलेश अग्रवाल हर्षित यादव और कविता रैकवार का भी सम्मान किया गया( अध्यक्ष राजा सराफ सर्राफा क्षेत्र के यातायात की समस्या वनवे की समस्या पार्किंग की समस्या के बारे में महापौर और पार्षदों को अवगत कराया संचालन एंड सुनील सोनी ने किया व आभार प्रदर्शन मंत्री अनूप अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यशाला में राजा सराफ, राजेश सराफ, अनूप अग्रवाल, विजय सोहाने, सुशील सोनी, महेंद्र ओसवाल मीनू ,एड सुनील सोनी, संतोष देवांश, ओम सोनी, दीपक सोनी, विवेक सराफ, रजत सिंघई, घनश्याम सराफ, अभय छनिया, विवेक सोहाने, प्रमोद सोनी कल्लू, सत्येंद्र सोनी, विक्रम नरवरिया, महेश सोनी, विन्दा राजपूत, बापू जाधव, सतीश केसरवानी, के साथ महेंद्र छनिया, आशीष कोठारी अरुण अग्रवाल ऋषि अग्रवाल मुकेश अग्रवाल बाल कृष्ण सराफ उमेश सोनी अजय बख्तावर गुलाब चंद सोनी राकेश आनंद डोले मनोज चौधरी योगेंद्र सोनी बबलू राणा भीम सिंह के साथ सैकड़ों सर्राफा व्यापारी इस कार्यशाला में उपस्थित है।

## संभागीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में दीपांशु चक्रवर्ती का धमाल

जबलपुर, यशभारत। सिवनी में स्कूल गेम्स के तत्वावधान में आयोजित संभागीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जबलपुर ,सिवनी, छिंदवाड़ा और उमरिया के जिला के खिलाड़ी ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। जबलपुर के दीपांशु चक्रवर्ती



खालसा स्कूल ने 67 किलोग्राम भार वर्ग में अत्यधिक वजन उठाकर प्रथम स्थान हासिल किया। दीपांशु चक्रवर्ती ने स्नैच में 61 किलो ग्राम एवं क्लीन एंड जर्क में 80 किलोग्राम भागवत उठाकर शानदार प्रदर्शन किया। दीपांशु चक्रवर्ती का मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय स्कूल गेम्स वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में चयन किया गया है यह प्रतियोगिता सीहोर में 7 से 10 अक्टूबर तक आयोजित की गई है इनकी इस विशेष कामयाबी पर जबलपुर जिला कारपोरेशन बेट लिफ्टिंग के सचिव आनंद कुमार पटेल, डॉ प्रशान्त मिश्र, संजय बिल्लौरे, अब्दुल हाफिज़ ओर मो आजाद ने बधाई प्रेषित की।

## जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाने विशाल शिविर



**जबलपुर, यशभारत।** मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान अंतर्गत महाराणा प्रताप वार्ड में जनहितैषी योजनाओं का विशाल शिविर सामुदायिक भवन धन्वन्तरी नगर में आयोजित किया गया। पार्षद जीतू कटारे ने बताया कि डॉअभिलाष पांडे की उपस्थिति एवं श्री कृष्णा रावत सम्भागीय अधिकारी प्रभारी अधिकारी आशीष पाटकर महेंद्र अहिरवार नगर निगम जबलपुर ज़ोन क्रमांक 1 के सहयोग से मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्र लोगों दिलाया जा रहा है। इसके लिए सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है । इसमें आवश्यक सर्वेक्षण कर जरूरतमंद व्यक्तियों की सूची बनाकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा अनुसार पात्र हितग्राहियों को लाभ देने के लिए टीकाकरण कार्य केन्द्र और राज्य की इन 33 महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। इस आयोजन में भाजपा के समस्त कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित हुए जिसमें मुख्य रूप डॉ सचिन बुधौलिया रामरूप गुप्ता से संतोष चक्रवर्ती अर्पित नेमा मोनू सरकार संदीप नामदेव अजय चढ़ार अजय गुप्ता गप्पू मिश्र रश्मि मिश्रा नीतू चक्रवर्ती सीमा चौबे सीमा उसरेठे जी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## व्हीएफजे कर्मचारियों को मिलेगा 37 दिन का बोनस

जबलपुर यशभारत इस वर्ष से सभी आयुध निर्माणियों में एक समान बोनस न मिल कर अलग अलग बोनस घोषित किया जा रहा है।क्योंकि शहर की आयुध निर्माणियां अब आयुध निर्माणी बोर्ड के अधीन न होकर नव निर्मित निगमों के अधीन हो गई है।सभी सुरक्षा कर्मियों को उनके निगमों से बोनस की घोषणा का इंतजार है। इसी कड़ी में आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड के तहत आने वाली व्हीएफजे के कर्मचारियों के लिए37दिन का उत्पादकता आधारित बोनस की घोषणा कर दी गई है।जो अराजपत्रित ग्रुप बी अधिकारियों से लेकर ग्रुप डी तक के कर्मचारियों के लिए घोषित किया गया।बोनस की अधिकतम सीमा7हजार रुपए तय कर दी गई है।

## जबलपुर ईट राइट चेलेंज के अंतर्गत दो दिवसीय फूड मेला



### भंवरताल पार्क स्थित कल्चरल स्ट्रीट 15 से 20 प्रतिशत तक डिस्काउंट प्राप्त कर स्वादिष्ट व्यंजनों का लें स्वाद

**जबलपुर,यशभारत।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड जबलपुर के द्वारा ईट राइट चैलेंज के अंतर्गत दो दिवसीय फूड मेले का भव्य शुभारंभ भॅवरताल पार्क स्थित कल्चरल स्ट्रीट में शहर के सभी गणमान्यजनों, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शाम 05 बजे से किया जायेगा। जिसमें अनेकों स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल लगाए जायेगें जहॉ पर संस्कारधानी के सभी सम्माननीय नागरिकों को 15 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक डिस्काउंट के साथ हेल्दी एवं स्वादिष्ट व्यंजनों को उपलब्ध कराया जायेगा। फूड मेले के संबंध में कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी, सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत, प्रभारी निगमायुक्त महेश कुमार कोरी, ने जबलपुर के सभी सम्माननीय नागरिकों से अपील की है कि भॅवरताल पार्क स्थित कल्चरल स्ट्रीट में आयोजित फूड मेले में पहुॅचकर हेल्दी एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद परिवार के साथ लें। सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत ने बताया कि आज एवं 29 सितम्बर 2022 को संध्या 05 बजे से रात्रि 11 बजे तक फूड मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए व्ही.आई.पी. कूपन जारी किये गए हैं, जिसके अंतर्गत 15 से 20 प्रतिशत छूट का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने जानकारी दी कि मेले का आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोगों की दौ?भाग की जिन्दगी में क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए अर्थात शुद्ध और स्वादिष्ट व्यंजनों की जानकारी भी दी जाकर जागरूक करने का कार्य किया जायेगा।

# पांव अपने प्रभूजी धुला लीजिये

## केवट प्रसंग की भक्तिमयी लीला देख दर्शक हुए प्रसन्न

**जबलपुर,यशभारत।** बात छोटी है- सर को झुका लीजिये, पांव अपने प्रभूजी धुला लीजिए..! केवट की इस भाव पूर्ण बात का भगवान के पास कोई उत्तर न था। भक्त के सामने उन्हें मजबूर होके अपनी सहमति देनी ही पड़ेगी। केवट के भाव इससे आगे भी थे। वो भगवान को गंगा पार करा के खुद सपरिवार भवसागर पार होना चाहता था। उसके शब्द ही थे हमसे अधम अधीन गर तारे न जायेंगे, तो आप दीन बंधु कहाये न जायेंगे। गोविंद गंज रामलीला के सिद्ध मंच पर संगीत मय माहौल में भगवान के गंगा पार करने का दृश्य दर्शनीय बन गया।अध्यक्ष प. अनिल तिवारी ने बताया कि भगवान की मनोहारी छवि देख गद्गद श्रद्धालुओं ने उन पर पुष्प वर्षा की। केवट के रूप में पवन पांडे ने जीवंत अभिनय का परिचय दे तालियां बटोरीं। निषाद के रूप में शंकर शर्मा, दशरथ के रूप में राकेश पाठक, अगस्त के रूप में सीताराम पंडितजी ने भी शानदार अभिनय किया। श्री तिवारी ने बताया कि रामलीला मंच पर आज भरत आगमन चित्रकूट सभा की लीला होगी।





**सिद्ध मंच गढ़ा में हुआ राम विवाह एवं मंथरा कैकई संवाद** - श्री रामलीला समिति गढ़ा जबालीपुरम में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के धनुष तोड़ने के उपरांत महाराज जनक ने चक्रवर्ती सम्राट दशरथ को बारात लेकर जनकपुरी बुलाया। श्री राम का विवाह भगवान शंकर के धनुष भंग होने के अधीन था परंतु धनुष भंग होने के साथ-साथ भरत शत्रुघ्न एवं लक्ष्मण का विवाह भी संपन्न हुआ। महाराज दशरथ जनकपुरी पहुंचे तो विश्वामित्र जी ने जनक जी के आचार्य से शेष तीनों राजकुमारियों के विवाह का प्रस्ताव भी रखा। इस प्रकार सीता का विवाह श्री राम जी से, मांडवी का विवाह भरत जी से, उर्मिला का विवाह लक्ष्मण जी से एवं श्रुति कीर्ति का विवाह शत्रुघ्न से संपन्न हुआ। पांव पखरई कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर भगवान राम व सीता मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया समिति के संचालक अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष रमाशंकर कटारे, महामंत्री राजेंद्र प्यासी, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश पाठक,शरद दुबे कुररिया,उमाशंकर मिश्रा, हरीश मनोध्याय, नीलेश पदाधिकारियों व स्थायी एवं आजीवन सदस्यों ने पांव पखरई कर भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त किया ।इसके उपरांत मंथरा कैकई संवाद की रोचक लीला का मंचन हुआ। कैकई एवं मंथरा के अभिनय कर्ता राजेश परोहा एवं श्याम मिश्रा के अभिनय की सभी ने सराहना की। आज कैकई दशरथ संवाद राम वन गमन निषाद प्रसंग एवं केवट संवाद की रोचक लीला का मंचन होगा समस्त भक्त जनों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लीला का आनंद लें ।

**शिव पार्वती संवाद रामजन्म ताड़का वध-** व्हीएफजे नव मित्र समाज द्वारा रामलीला का मंचन, व्हीकल स्टेट सेक्टर वन में नवमित्र समाज द्वारा53वां मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की मानव लीला का शुभारंभ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि अशोक गुप्ता मुख्य महाप्रबंधक वाहन निर्माणी जबलपुर ने विधिवत पूजन अर्चन किया ।इस मौके पर समारोह में उपस्थित एके राम डीएन वर्मा सुरेंद्र कुमार रामेश्वर मीणा हर्ष भटनागर आदि अधिकारीगण ने भी पूजन किया। नवमित्र समाज के महामंत्री डीडी सिंह अभिनंदन सिंह अविनाश तिवारी सतीश अरेले सज्जन शाह आरएन सिंह राजेश मिश्रा अमृत सिंह आदि ने बताया कि पिछले पांच दशक से भी ज्यादा समय से नवमित्र समाज रामलीला का मंचन करता आ रहा है ।जिसका लाभ इस्टेट वासियों के साथ आसपास के रहवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रह कर लीला का लाभ उठाते हैं।

**श्रीराम की निकली बारात, गूँजे जयकारे** - बेटियों ने निभाए मंथरा कैकई के किरदार- श्री धनुष यज्ञ रामलीला समिति, सदर द्वारा प्रभु श्रीराम जी की बारात निकाली गई। जिसका जगह जगह स्वागत किया गया। इसके पूर्व बेटियों ने मंथरा एवं कैकई के किरदार निभाए, जिन्हें खूब सराहना मिली। आज राम वनगमन की लीला का मंचन होगा। इस दौरान अभिषेक चौकसे, सीताराम कुरचनिया आदि मौजूद रहे।



### अधारताल भगवान रामचंद्र जी की बारात

श्री आदर्श रामलीला समिति अधारताल भगवान रामचंद्र जी की बारात में विधायक अशोक रोहाणी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव पंकज दुबे महेश राजपूत शरद श्रीवास्तव बाबा प्रदीप यादव सुरेंद्र गिरी गोस्वामी दीपक शर्मा टिम्मी भगवान रामचंद्र जी की बरात में सम्मिलित हुए।

### शहपुरा बगरई में शिक्षक दंपति-सरपंच विवाद

# महिला समूह अध्यक्ष ने कहा, शिक्षिका को बच्चों के पहले खाना चाहिए

## शिक्षक ने कहा घपले की आरटीआई का शक परिवार पर



जबलपुर, यशभारत। शहपुरा जनपद की ग्राम पंचायत बगरई में सरपंच और शिक्षक दंपत्ति के बीच जमकर विवाद हुआ। एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए गए। स्कूल में खाना बनाने वाली महिला स्व सहायता समूह अध्यक्ष का आरोप है कि शिक्षक दंपत्ति को बच्चों के पहले खाना चाहिए है। किसी भी वक्त चाय बनाने के लिए कहा जाता है। दोनों से समूह की महिलाएं परेशान हो चुकी है। इधर शिक्षक दंपत्ति का कहना है कि पंचायत में रोजगार सहायक सचिव द्वारा लाखों रूपयों का गबन किया है जिसकी आरटीआई गांव के किसी व्यक्ति ने लगाई लेकिन उसका शक परिवार पर किया जा रहा है।



बताया जा रहा है कि बगरई माध्यमिक स्कूल का निरीक्षण करने पंचाचत सरपंच उमेश जायसवाल पंचों के साथ पहुंचे थे इसी दौरान स्कूल की शिक्षिका मीना राय और उनके पति राम जी की सरपंच और पंचों से कहासुनी हो गई। कहा जा रहा है कि दोनों पक्षों में झड़प होने वाली थी लेकिन स्थानीय लोगों ने दोनों पक्षों को अलग कर विवाद टाल दिया। इसके बाद सरपंच उमेश जायसवाल ने आरोप लगाते हुए बताया कि स्कूल में शिक्षा व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है, बच्चों को गंदा पानी पिलाया जा रहा है इसी की जानकारी लेने जब स्कूल पहुंचे तो शिक्षिका मीना राय आग बबूला हो गई और मारने दौड़ी। शिक्षक रामजी राय का कहना है कि रोजगार सहायक सचिव ने लाखों रूपयों का गबन किया है जिसकी आरटीआई गांव किसी श्रीपाल ने लगाई है। सभी को शक है कि यह काम उनके पिता ने कराया है जबकि पिता जी का गांव से कोई लेना-देना नहीं है।

### इनका कहना है



स्कूल की व्यवस्था भगवान भरोसे हो चुकी है। गांव के रामजी राय और शिक्षिका मीना राय द्वारा अभद्रता की गई, झूमा झपटी की नौबत तक आ गई थी।

**उमेश जायसवाल, सरपंच बगरई**



शिक्षिका मीना राय को बच्चों के पहले खाना देना पड़ता है इनके द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। किसी भी चाय बनाने को कहा जाता है।

**अनीता बर्मन, स्व सहायता समूह अध्यक्ष**



सारे आरोप निराधार है, आपसी दुश्मनी निकालकर मुझे और मेरी पत्नी को बदनाम किया जा रहा है। कुछ भी घटना होती है हम लोगों का नाम सबसे पहले आता है।

**रामजी राय, शिक्षक**

# अवैध वेंडरों ने पैंट्री कार मैनेजर को पीटा, छीने 42 हजार रुपए

### वलसाड मुजफ्फरपुर में जबलपुर की घटना, इटारसी में दर्ज कराई रिपोर्ट



**जबलपुर, यशभारत।** वलसाड से मुजफ्फरपुर जाने वाली गाड़ी संख्या 19052 में अवैध वेंडरों ने धावा बोलकर पैंट्री कार के मैनेजर के साथ ना केवल मारपीट की बल्कि उसकी जेब में रखे 42 हजार रुपए छीन कर चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। उक्त घटना जबलपुर आउटर की बताई जा रही है बाद में गाड़ी इटारसी पहुंचने के बाद पैंट्री कार के मैनेजर संदीप कुमार ने पूरी घटना से जीआरपी को अवगत कराते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इस घटना के संबंध में वलसाड -मुजफ्फरपुर गाड़ी के पैंट्री कार मैनेजर ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 दिन पूर्व वह है वलसाड से मुजफ्फरपुर गाड़ी लेकर जा रहे थे इसी दौरान जबलपुर और कटनी के बीच करीब 15/ 20 अवैध वेंडर गाड़ी पर चढ़े और उनके बहनों के साथ अभद्रता करने लगे बाद में कटनी जीआरपी ने मामले को शांत करा कर गाड़ी को गंतव्य रवाना किया गाड़ी मुजफ्फरपुर से वापसी आते समय उक्त बैंडरौ द्वारा फिर से वलसाड मुजफ्फरपुर के पैंट्री कार के वेंडरों के साथ गाली गलौज करते हुए गाड़ी जबलपुर पहुंचने पर पैंट्रीकार में घुसे और मैनेजर संदीप कुमार के साथ गाली गलौज करते हुए जेब में रखे 42 हजार रुपए निकाल लिए पैंट्री कार के मैनेजर संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त अवैध वेंडर प्रदीप साहू के हैं जो जबलपुर मैं काफी दिनों से अवैध वेंडर चला रहा है संदीप कुमार ने बताया कि प्रदीप साहू के अवैध वैडरौ द्वारा गाड़ी के अंदर इस तरह से पैंट्री कार के वैडरौ से मारपीट करना गुंडागर्दी को दर्शाता है इटारसी जीआरपी ने पैंट्री कार के मैनेजर की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# कुंडम में बेकाबू बाइक से गिरी महिला की मौत

### दशगात्र कार्यक्रम से लौट रही थी घर, बहक गयी मोटर साइकिल




**जबलपुर, यशभारत।** कुंडम के कुंदवारा मोगानाला में तेज रफ्तार बाइक से गिरकर एक महिला की दर्दनक मौत हो गयी। दरअसल महिला अपने रिश्तेदार के साथ बाइक से रांझी दशगात्र कार्यक्रम में सम्मिलित होने गयी थी। जहां से वह घर लौट रही थी। तभी रास्ते में बाइक चालक ने अपना संतुलन खो दिया। आनन-फानन में महिला को मेडिकल अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, बाइक चालक के खिलाफ मामला कायम कर जांच में लिया है।

पुलिस ने मामले में पतासाजी की तो रामकिशन पिता मंगल प्रसाद चौधरी 27 साल पिता स्व. रामकिशन चौधरी 39 साल दोनों निवासी ग्राम सहजपुरी बघराजी ने बताया कि रांझी से दशगात्र कार्यक्रम के बाद घर वापस आ रहे थे। सुनील चौधरी बाइक में सरस्वती बाई चौधरी पति स्व. रामभजन चौधरी 35 वर्ष ग्राम सहजपुरी थाना कुण्डम को बैठाकर चला रहा था। कुंदवारा मोगानाला के आगे बम्बूप्लांट पुलिया के पास बाइक क्रमांक एमपी 20 एनएस 9081 को सुनील लहराते हुए चला रहा था, तभी पीछे बैठी सरस्वती बाई चौधरी झोका खाकर बाइक के नीचे रोड पर गिर गई। जिसकी मेडिकल केजुअल्टी में मौत हो गयी।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./615/अ-6/2021-2022
जबलपुर, दिनांक 26/9/22

**// आम इश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक प्रतिभा उपाध्ये पिता स्व. पुरषोत्तम उपाध्ये निवासी जगदम्बा कालोनी जबलपुर के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 226/1 में से रकवा 1250 वर्गफुट भूमि पर पुरषोत्तम उपाध्ये की मृत्यु दिनांक 27/9/2018 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती/वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 10/10/22 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।**

जारी दिनांक - 26/9/22
पेशी दिनांक - 10/10/22

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

# खंडहरनुमा मकान में फंदे में लटका मिला 5 दिन पुराना शव : घर से था गायब, परिजनों ने की जांच की मांग

### डी-कंपोस्ड हो चुकी थी बॉडी, जांच जारी



**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल में एक युवक ने खंडहरनुमा मकान में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। प्रारंभिक जांच में फिलहाल होई सुसाइड नोट नहीं मिला है, शव करीब पांच दिन पुराना है और डी कंपोस्ड हो चुका था। मामला सामने आने के बाद परिजनों ने विरोध करते हुए पुलिस से जांच की मांग की है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि जितेन्द्र बर्मन 33 वर्ष निवासी करमेता ने बताया कि अजय विश्वकर्मा 33 वर्ष निवासी बजरंग नगर माढोताल भवानी ट्रेडर्स के पीछे पुराना खण्डरनुमान मकान की सीलिंग से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

### इन्होंने कहा....

युवक का फंदे पर लटका हुआ शव मिला था जो डी-कंपोस्ड हो चुका था, परिजनों ने जांच की मांग की है। मामला विवेचना में है, जल्द ही जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

**- रीना पांडेय, माढ़ोताल थाना प्रभारी**

# एसएसपी रेडियो का जबलपुर दौरा

### और हाईटेक होंगे थानों में लगे कैमरे, बढ़ेगी एफआरवी व्हीकल



**जबलपुर, यशभारत।** दशहरा- दीपावली त्योहार के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय रेडियो शाखा के एसएसपी अमित सिंह जबलपुर पहुंचे, जहां उन्होंने कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी के जरिए निगरानी रखने वाली स्क्रीन देखी तो पाया कि कई सीसीटीवी कैमरे खराब होकर बंद हो गए हैं। इतना ही नहीं, थानों में चलने वाली डायल 100 भी उन्हें खराब स्थिति में खड़ी मिली। लिहाजा एसएसपी अमित सिंह ने निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द खराब कैमरों को ठीक करवाया जाए, साथ ही एफआरवी वाहन भी ठीक हों। एसएसपी अमित सिंह ने कहा कि त्योहारों के मद्देनजर किसी भी तरह की लापरवाही ना हो, इसके चलते चौबीसों घंटे सीसीटीवी कैमरे पर पुलिसकर्मी नजर रखेंगे और हर गतिविधियों पर नजर भी बनाए रखेंगे। हालांकि कुछ सीसीटीवी कैमरे खराब मिले हैं, जिन्हें जल्दी ठीक करवाया जाएगा। अमित सिंह ने कहा कि आने वाले समय में रेडियो शाखा और भी हाईटेक होगा। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार प्रदेश का हर थाना सीसीटीवी कैमरे से लैस होकर हाईटेक हो रहा है। इसके साथ आगामी कुछ साल में 2000 एफआरवी गाड़ियां सड़कों पर दौड़ते हुए दिखेगी। एसएसपी रेडियो अमित सिंह ने थाना ओमती और पुलिस कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए कहा कि अभी तक शहरी मुख्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं पर आगामी दिनों में तहसील स्तर पर भी थानों में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, क्योंकि अपराधों को साबित करने और रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे का एक बहुत बड़ा महत्व होता है। थानों में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज 60 दिनों तक स्टोर करके रखे जा सकते हैं जो कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश हैं। समय अनुसार जरूरत पड़ने पर सीसीटीवी कैमरे के स्टोरेज की क्षमता बढ़ाई जा सकती है। एसएसपी अमित सिंह ने कैमरों की गुणवत्ता एवं रखरखाव के संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए इसके साथ ही अग्निशमन यंत्रों की भी जांच की। एसएसपी अमित सिंह के जबलपुर दौरे के दौरान एसपी रेडियो जितेंद्र पटेल, डीएसपी रेडियो शरद पाठक सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

डाक्टर चैम्बर उपलब्ध है
पताः त्रिवेणी हास्पिटल के सामने अशोका होटल के बाजू में (लाल बंगला)
संपर्कः 9300068860, 7691912082

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

# लार्डगंज में क्राइम ब्रांच की जुआफड़ पर दबिश

### 7 आरोपियों से 32 हजार जब्त



**जबलपुर, यशभारत।** लार्डगंज थाना अंतर्गत क्राइम ब्रांच और पुलिस ने संयुक्त रुप से दबिश देते हुए जय नगर कॉलोनी के जुआफड़ पर दबिश देकर सात आरोपियों को दबोच लिया। जिनके कब्जे से करीब बत्तीस हजार रुपये जब्त किए गए है। सीएसपी प्रभात शुक्ला ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली थी जय नगर कॉलोनी में जुआफड़ संचालित हो रहा है। जिसके बाद क्राइम ब्रांच ने घेराबंदी कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से बत्तीस हजार रुपये जब्त किए गए है।

# ट्राय सायकिल सवार वृद्धा को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर : हो गई मौत

### आंख का ऑपरेशन कराकर लौट रही थी घर

**जबलपुर, यशभारत।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत डॉक्टर बटालिया रोड पर आंख का ऑपरेशन कराकर घर लौट रही एक 60 वर्षीय वृद्धा को अज्ञात वाहन ने सीधी टक्कर मार दी। हादसे के दौरान वृद्धा, वाहन समेत रोड से छिटककर करीब दस फिट दूर जा गिरी। हादसे में सिर में गंभीर चोट आने पर आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां 6 दिन बाद वृद्धा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मेडिकल अस्पताल पीएम कराने पहुंचे परिजनों ने बताया कि 23 सितंबर 2022 को 60 वर्षीय जानकी बाई बंशकार मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराकर, अपनी ट्रायसायकिल से घर लौट रहीं थी। तभी अज्ञात वाहने ने टक्कर मार दी। जिन्हें मेडिकल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। पुलिस बारीकी से मामले की पड़ताल कर रही है।




महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन, Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
फ्रुट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट ड्राई फ्रूड →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेल →बिस्केट →फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली
AK's Special
मनोज संगतानी मो.

आपका ... आपका है ...
अधिक जानकारी व अपॉइंट...
28
शैल्बी हॉस्पिटल्स

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिवस पर पुष्पवर्षा, भावांजलि



**जबलपुर, यशभारत।** शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह युवा विचार मंच के अध्यक्ष तजिन्दर सिंह टीटू एवं सचिव डिम्पी बिन्द्रा ने बताया कि सरदार भगत सिंह जी के जन्मदिवस पर उनकी प्रतिमा स्थल भगत सिंह चौक, कटंगा, गोरखपुर, जबलपुर में उनकी प्रतिमा पर पुष्प माला पहनाकर एवं मिष्ठान का वितरण किया गया एवं सरकार से यह माँग की गई कि शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जावे। इस मौके पर शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह युवा विचार मंच के अध्यक्ष तजिन्दर सिंह टीटू एवं सचिव डिम्पी बिन्द्रा, काके आनंद, रविंदर सिंह चाना, करनल छाबड़ा, गोविंद बावरिया, सतनाम सिंह, एड. रनवीर सिंह परिहार, धनराज बावरिया, नवजीत सिंह गिल, वासू पिल्ले, अशोक राजपूत, आदि लोग मौजूद थे।

# मकान खाली करने पर किराएदार का फोड़ दिया सिर

### ईंट से वार कर, जमकर की मारपीट

**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल में एक किराएदार की मकान मालिक ने जमकर धुनाई करते हुए ईंट से सिर में हमला कर सिर फोड़ दिया। दरअसल पीड़ित पहले उसी के मकान में किराए से रहता था, लेकिन उसने चार माह पहले ही मकान खाली कर दिया। इसी बात को लेकर आरोपी ने प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस को आकाश नामदेव 32 वर्ष निवासी बड़े जैन मंदिर के पीछे ने पुलिस को बताया कि वह कपड़े का व्यापारी है। उसकी ऑटो जो अमित अग्रवाल के घर के सामने खाली प्लाट मे खड़ी थी जिसे वह अपनी बेटी के साथ लेने जा रहा था। तभी अमित विवाद करने लगा, पीड़ित ने बताया कि वह पहले अमित अग्रवाल के मकान में किराये से रहता था 4 माह पहले ही उसने मकान खाली कर दिया था। इसी बात पर उसके साथ गाली गलोज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो मारपीट करने लगा और ईंट उठाकर हमलाकर सिर घायल कर दिया।

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

# मप्र में नई राजनीतिक पार्टी खड़ा करने में जुटी थी PFI

## युवाओं का करते थे ब्रेनवाश, छापेमारी के बाद हुआ बड़ा खुलासा

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश में क्क्नद्ध और ञ्अस् के छापे के बाद बड़ा खुलासा हुआ है। पूरे प्रदेश में क्क्नद्ध अपनी अलग ही राजनीतिक पार्टी संचालित कर रही थी। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के नाम से पीएफआई इंदौर, उज्जैन और भोपाल में लंबे वक्त से अपनी राजनीतिक पार्टी चला रही थी।बता दें कि एक बैनर अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें लिखा है कि भूख से आजादी.. और खौफ से आजादी। भोपाल में स्थित सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश कार्यालय में लटके बोर्ड पर लिखा था। खौफ से आजादी के नारे के साथ ही यहां युवाओं का ब्रेनवाश करने में जुटी हुई थी। जानकारी के अमुसार शाजापुर में में हुए नगर परिषद के चुनाव में पार्टी का एक प्रत्याशी चुनाव जीतकर पार्षद बना है। यह पार्टी स्टूडेंट विंग के रूप में कॉलेजों में भी युवाओं के ब्रेनवाश का काम कर रही थी। राजधानी भोपाल के शाहजहानाबाद इलाके की करीम मंजिल में चल रहे इस पार्टी दफ्तर पर देर रात एटीएस ने छापामार कार्रवाई की। जहां से




एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। खुलासा हुआ है कि इसके प्रदेश अध्यक्ष और मुख्य आरोपी अब्दुल रउफ बेलिम है। स्ठक्क्ठ के ऑफिस में रऊफ का आना जाना होता था। वे अक्सर मीटिंग में शामिल होता था। उसे इंदौर से जिला बदर किया गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात में मीटिंग और अक्सर भीड़ जमा होती थी। 8 से 10 लोग हमेशा देर रात तक जमा होते थे। नीचे कार्यालय था, ऊपर के कमरों में बैठक होती थी। यह राजनीतिक पार्टी मस्जिदों में मुस्लिम युवाओं से संपर्क कर इसी बिल्डिंग में मीटिंग के लिए बुलाती थी और उनका ब्रेनवाश कर के आतंकवादी बनाने का काम होता था। करीब दो महीने पहले स्ठक्क्ठ का कार्यालय खुला था। इसी कड़ी में इंदौर में पीएफआई के सदस्यों पर कार्रवाई को लेकर इंदौर पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा ने कहा इंदौर में 2 लोगों को हिरासत में लिया गया और कई लोगों से पूछताछ की जा रही हैं। जिन लोगों को हिरासत में लिया है इनके पास से इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस और दस्तावेज बरामद हुए हैं। जिनकी जांच की जा रही है।

### ये संगठन देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए घातक, जारी रहेगी कार्यवाई :नरोत्तम मिश्रा

भोपाल ,यशभारत। मध्य प्रदेश के 8 जिलों से क्क्नद्ध के कई सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है और सबसे ज्यादा गिरफ्तारियां आर्थिक राजधानी इंदौर से हुई हैं। पिछले दिनों क्क्नद्ध के ठिकानों पर हुई कार्रवाई के बाद से ही मध्य प्रदेश ञ्अस् अलर्ट मोड पर थी। आज उज्जैन में ही शिवराज कैबिनेट की बैठक हो रही है, ऐसे में उज्जैन हाईअलर्ट पर है। उज्जैन पहुंचे प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने क्क्नद्ध पर हुई कार्रवाई को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक क्क्नद्ध का सफाया नहीं हो जाता तब तक यह कार्रवाई जारी रहेगी।दरअसल



मीडिया से बातचीत के दौरान नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि क्क्नद्ध जैसे संगठन देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए घातक है। आज इंदौर, भोपाल, शाजापुर, श्योपुर, नीमच ,गुना, राजग? और उज्जैन से क्क्नद्ध के 22 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उज्जैन दौरे के लेकर हाईअलर्ट जारी किया गया है। जिसके लिए प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक को निर्देश जारी किए गए हैं।


# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव में बढ़ी कमल नाथ - दिग्विजय की भूमिका

**भोपाल यशभारत। राजस्थान के सियासी घटनाक्रम के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में मध्य प्रदेश के दिग्गज नेता कमल नाथ और दिग्विजय सिंह की भूमिका बढ़ गई है। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कमल नाथ से राजस्थान में पार्टी की दुविधा और राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अशोक गहलोत के विकल्प पर सोमवार को विचार-विमर्श किया।**



वहीं, भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ चल रहे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से भी उन्होंने परामर्श किया। पार्टी नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में प्रदेश के दोनों नेताओं की भूमिका अहम हो गई है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ गांधी परिवार के विश्वस्त लोगों में हैं। सोनिया गांधी उनसे हर छोटे-बड़े मामले में सलाह लेती हैं। जब पार्टी के ही वरिष्ठ नेताओं ने नेतृत्व को लेकर सवाल उठाए थे, तब भी उन्होंने कमल नाथ को ही जी-23 के नेताओं से बात करने की जिम्मेदारी दी थी। इसमें वे काफी हद तक सफल भी रहे।

महाराष्ट्र में गठबंधन सरकार पर आए संकट के समय भी उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रमुख शरद पवार से लेकर तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से चर्चा की थी। कमल नाथ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से समन्वय का काम भी देखा था। उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर भी चर्चा हुई थी पर उन्होंने यह कहते हुए इन्कार कर दिया था कि वे मध्य प्रदेश नहीं छोड़ेंगे। कमल नाथ के नजदीकी लोगों का कहना है कि राजस्थान के घटनाक्रम के बाद अशोक गहलोत को अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना नहीं है। नई परिस्थिति में एक बार फिर उनसे अध्यक्ष बनने को लेकर बात की गई पर उन्होंने फिर यही कहा कि सोनिया गांधी जो भी जिम्मेदारी देंगी, उसे वे



निभाएंगे पर मध्य प्रदेश नहीं छोड़ेंगे।दरअसल, वे मध्य प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे हैं। यदि राज्य में पार्टी नेतृत्व बदलता है तो इसका असर चुनाव की संभावनाओं पर पड़ेगा। यही कारण है कि पार्टी नेतृत्व भी दबाव नहीं बना रहा है पर उनसे अध्यक्ष चुनाव को लेकर सभी पक्षों से संवाद करने के लिए कहा गया है।

उधर, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को भी वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में रहने के लिए कहा गया है। राहुल गांधी के साथ समन्वय बनाने में भी दिग्विजय सिंह मदद करेंगे। उनके राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से अच्छे संबंध हैं। जब उनकी नर्मदा परिक्रमा का नरसिंहपुर जिले में समापन कार्यक्रम हुआ था, तब गहलोत उसमें शामिल हुए थे। हालांकि दिग्विजय सिंह पूरा ध्यान राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर लगा रहे हैं।

### इनका कहना है

कमल नाथ और दिग्विजय सिंह कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति के न केवल ध्र्रुव हैं बल्कि नीति निर्धारण में सीधे हस्तक्षेप करने वाले हैं। हर अच्छे-बुरे मौके पर पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इनसे सलाह-मशविरा करता है।

**- केके मिश्रा, अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग**



## भोपाल के कर्फ्यू वाली माता

# नवरात्र में दूर-दूर से आते हैं श्रद्धालु

**भोपाल, यशभारत।** अब से 41 साल पहले यानी वर्ष 1981 में पुराना शहर कई दिनों तक कर्फ्यू के साए में रहा था। इसके बाद यहां धूमधाम से चौक पर मां भवानी की स्थापना हुई थी। इस वजह से सोमवारा स्थित देवी मंदिर कर्फ्यू वाली माता के मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। इमामी गेट से मोती मस्जिद की तरफ जाने मुख्य मार्ग पर बने इस मंदिर के प्रति शहर व आसपास के लोगों में अगाध श्रद्धा है। यहां सुबह से ही भक्त माता के दर्शन के लिए जुटने लगते हैं। नवरात्र के अवसर पर यहां भक्तों की काफी भीड़ उमड़ती है। मंदिर का गर्भ गृह स्वर्ण मंडित है। माता का मुकुट भी सोने का है।

**मंदिर का इतिहास-** वर्ष 1981 में सोमवारा (पीरगेट) चौराहे के पास चबूतरे पर आश्विन माह की नवरात्र पर जयपुर से लाकर माता की मूर्ति स्थापित कर दी गई थी। छठवीं तिथि के दिन क्षेत्र में मंदिर को लेकर बवाल हो गया। जिसके चलते कर्फ्यू लगाना पड़ा। लगभग एक माह बाद सरकार झुकी और मंदिर स्थापना की अनुमति मिल गई। यहां मंदिर निर्माण की भूमिका बाबूलाल माली (सैनी) एवं पुजारी पंडित श्रवण अवस्थी ने बनाई थी। मंदिर अब भव्य स्वरूप ले चुका है।

**जलती हैं दो अखंड ज्योत** इस मंदिर में घी एवं तेल की दो अखंड ज्योत जलती हैं। इसके लिए छह माह में 45 लीटर तेल एवं 45 लीटर घी लगता है। नवरात्र के दौरान यहां विशाल भंडारा होता है। इसमें शहर के अलावा बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी शामिल होते हैं।

सुबह पांच बजे मंदिर खुल जाता है। माता की पहली आरती सुबह साढ़े छह बजे होती है। सुबह नौ बजे दूसरी आरती होती है। दोपहर 12ः30 बजे मंदिर के पट बंद कर दिए जाते हैं, जो शाम साढ़े चार बजे पुनः खोले जाते हैं। नवरात्र के अवसर पर रात 12 बजे तक लोग दर्शन करने के लिए आते रहते हैं।

माता के दरबार से शहर के लोगों की श्रद्धा जुड़ी हुई है। यहां मन्नत मांगने वाले माता के चरणों में अर्जी लगा जाते हैं। इसके अलावा कलावा भी बांधकर जाते हैं। मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु यथा योग्य चढ़ावा भी चढ़ाते हैं। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगे हुए हैं। यहां 50 रुपये से अधिक की राशि का दान सिर्फ चेक के माध्यम से ही स्वीकार किया जाता है।

# जुड़वा बच्चों को मां ने ही गला घोंटकर मारा था

भोपाल ,यशभारत। भोपाल में पिछले दिनों जुड़वा बच्चों के चोरी होने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने दोनों जुड़वा बच्चों के शव बरामद कर लिए हैं। चौंकाने वाली बात ये है कि मां पर ही बच्चों की हत्या का आरोप है। मां का कहना है कि बच्चों को पालने के लिए रुपये नहीं थे, इसलिए उनकी हत्या कर दी। टीटी नगर स्थित रंगमहल चौराहे के पास से शुक्रवार की सुबह चोरी हुए जुड़वा नवजात बच्चों के पांच दिन बाद शव मिल गए। पुलिस ने मां सपना की निशानदेही पर हबीबगंज के रविशंकर नगर कॉलोनी के पास खाली प्लॉट से शव बरामद किए। बच्चों की मां ने ही दोनों का गला घोंटकर मारने की बात कबूल की है। पहले महिला बयान दे रही थी कि पति ने दोनों बच्चों को मारा है। अब सपना ने दोनों बच्चों को मारने की बात कबूल कर ली है। उसका कहना है कि उसकी पहले से एक 3 साल की बेटी है। जुड़वा बच्चों को पालने के लिए पैसे नहीं थे। सपना और उसके पति ने शुक्रवार को टीटी नगर से उसे झाड़ फूंक के लिए बैरसिया ले गए थे। पुलिस ने रविवार को महिला को बैरसिया से लाकर पूछताछ की। वह लगातार अपने बयान बदल रही थी। सोमवार को महिला की तबीयत बिगड़ने पर

## बोली- पालने के लिए पैसे नहीं थे

बच्चों के चोरी होने की सूचना दी थी। बच्चों की मां ने बताया था कि वह सड़क किनारे बच्चों को छोड़कर वॉशरूम गई थी। लौटने पर बच्चे गायब थे। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की और जांच शुरू की तो मां ही संदेह के घेरे में आ गई थी। हालांकि पुलिस की पूछताछ में लगातार बयान बदल रही थी और झूम रही थी। इसके बाद उसके माता-पिता इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार को पुलिस ने उसकी निशानदेही पर रविशंकर नगर कॉलोनी के एक खाली प्लाट से बच्चों के शव बरामद कर लिए।

यह है मामला

बता दें 27 वर्षीय सपना मूलतः बैरसिया की रहने वाली है। उसकी पांच साल पहले कोलार गेस्ट हाउस के पास रहने वाले बृजमोहन से शादी हुई थी। सात सितंबर को सपना ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। सपना ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह 4.30 बजे जब सब लोग घर में सो रहे थे, तब वह जुड़वा बच्चों को लेकर बैरसिया अपने मायके जाने के लिए निकली थी। वह पैदल ही रंगमहल चौराहे तक पहुंची। वहां से दोनों बच्चे गायब हो गए। महिला ने अपने पति को इसकी सूचना दी और फिर दोनों टीटी नगर थाने एफआईआर कराने पहुंचे।पुलिस ने महिला के बताए रास्ते को फॉलो किया और सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला कि महिला सिटी बस से अकेले उतरी थी। बस के ड्राइवर और कंडक्टर से पूछताछ की तो पता चला कि महिला अकेले ही बैठी थी। उसके पास कोई बच्चे नहीं थे।

## गर्भवती महिला की कर दी नसबंदी

## खोया बच्चा, डाक्टर ने गर्भाशय निकाल बचाई महिला की जान

भोपाल यशभारत। राजधानी की बैरसिया तहसील के ग्राम खेरखेड़ी में एक गर्भवती महिला की नसबंदी करने का मामला सामने आया है। आंगनबाड़ी में भी रिकार्ड होने के बावजूद स्वास्थ्य केंद्र की डाक्टरों ने उसका आपरेशन कर दिया। बाद में महिला की तबीयत बिगड़ी तो पता चला कि उसे पूर्व से ही गर्भ



था। इससे उसकी जिंदगी खतरे में पड़ गई। सुल्तानिया अस्पताल के डाक्टरों ने बच्चादानी निकालकर महिला की जान तो बचा ली, लेकिन बच्चे को नहीं बचा पाए। इस लापरवाही की शिकायत करते हुए आर्थिक सहायता और डाक्टर पर कार्रवाई के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुवाई में पहुंचे स्वजन ने एक बार फिर शिकायत की है। इससे पहले छह सितंबर को भी वे न्याय के लिए गुहार लगा चुक हैं, लेकिन पीड़िता को न्याय नहीं मिल सका है। महिला के देवर धीरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि उनके बडे भाई जगदीश और भाभी शीला बाई के चार बच्चे हैं। दो दिसंबर 2021 को सभी तरह की जांच करने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शीला बाई का नसबंदी का आपरेशन किया गया था। जबकि आंगनबा?ी द्वारा बनाए गए ।

# कार्य में लापरवाही बरतने पर तीन कामन सर्विस सेंटर ब्लैक लिस्ट

**भोपाल,यशभारत।** जिले में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में शिविर लगाकर शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया जा रहा है। इसके लिए कलेक्टर अविनाश लवानिया ने सभी कामन सर्विस सेंटर और वीएलई को निर्देश दिए हैं कि वह केंद्र एवं राज्य सरकार की शासकीय योजनाओं का लोगों को शत-प्रतिशत लाभ दिलाएं। निर्देश के बाद भी सर्विस सेंटर संचालकों द्वारा लद्यपरवाही बरती जा रही थी। उनकी शिकायत मिलने पर समझाइश दी गई और नहीं मानने पर तीनों की आईडी को ब्लैक लिस्ट करने की अनुशंसा राज्य प्रमुख से की है।




### हितग्राहियों के नहीं बना रहे थे आयुष्मान कार्ड

लोक सेवा प्रबंधक प्रसून सोनी ने बताया कि तीन कामन सर्विस सेंटर के संचालक हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड नहीं बना रहे थे। इसके अलावा वह अन्य योजनाओं से संबंधी काम नहीं कर रहे थे। सीएससी और वीएलई को सीएससी जिला समन्वयक द्वारा कई बार निर्देशित किया गया था। इसके बाद भी यह कार्यों में घोर लापरवाही बरत रहे थे। इसी वजह से खजूरी सड़क स्थित विनोद पाटीदार, बैरागढ़ स्थित राजकुमार सैनी और अजय चौहान के कामन सर्विस सेंटर की आईडी डीएक्टीवेट कर ब्लेक लिस्ट घोषित करने की अनुशंसा की गई है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, यदि आगे भी संचालकों द्वारा मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत शासकीय योजनाओं के संबंधित काम में लापरवाही बरती गई तो उन पर भी ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि केंद्र और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सैच्यूरेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाएं।

# चीतों के लिए मिल्खा, चेतक, वायु जैसे नामों के सुझाव, 750 से ज्यादा नाम आए

**भोपाल, ईएमएस।** मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में छोड़े गए आठ चीतों के लिए देशभर से नाम सुझाए जा रहे हैं। स्ब्वत्रश्1 प्लेटफॉर्म पर 750 से ज्यादा नाम सामने आए हैं। इनमें मिल्खा, चेतक, वायु, स्वस्ति जैसे कुछ नाम शामिल हैं। इसके अलावा चीता पुर्नस्थापना अभियान के लिए भी नाम बताए जा रहे हैं। बता दें कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर नामीबिया से भारत लाए गए आठ चीतों को मप्र के श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा गया है। रविवार को पीएम मोदी ने च्मन की बातज कार्यक्रम में लोगों से चीतों और योजना के नाम देने की अपील की थी। उन्होंने लोगों से स्ब्वत्रश्1 प्लेटफॉर्म पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए कहा था। प्रतियोगिता में जीतने वाले प्रतिभागियों को कूनो नेशनल पार्क में चीतों को देखने का मौका मिलेगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर है।मन की बात में पीएम मोदी ने ये भी कहा था कि चीतों को नए वातावरण के अनुकूल होने में कुछ समय लगेगा और एक टास्क फोर्स एक आकलन करेगी जिसके बाद सरकार इस पर फैसला करेगी कि क्या पार्क को जनता के लिए खोला जा सकता है। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें देश भर से संदेश मिल रहे हैं कि लोगों को चीतों को देखने का मौका कब मिलेगा।



## शिव ही सरकार, भगवान महाकाल को सीएम ने सौंपी

# कैबिनेट बैठक की कमान, कहा-बाबा यहां के राजा हम सेवक

**भोपाल, उज्जैन यशभारत। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में मंगलवार को एक अलग नजारा देखने को मिला। पहली बार कैबिनेट बैठक उज्जैन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीएम शिवराज ने नहीं बल्कि बाबा महाकाल ने की। सीएम ने बैठक में मुख्य सीट पर बाबा महाकाल की तस्वीर रखवाई और खुद उसके बगल की सीट में बैठकर बैठक में शामिल हुए। बैठक में कैबिनेट ने विकास से जुड़ी कई योजनाओं को मंजूरी दी।**



सीएम ने कैबिनेट बैठक के पहले कहा कि- महाकाल महाराज से सबके कल्याण की कामना करता हूं। महाकाल महाराज यहां के राजा हैं, हम लोग सेवक हैं। सेवक के नाते हम लोग महाकाल महाराज से प्रार्थना कर रहे हैं।

बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में कई राज्यों के मुख्यमंत्री आते हैं, लेकिन यहां कोई भी रात को नहीं रुकता। उज्जैन के महाराजा बाबा महाकाल हैं इसलिए यहां कोई दूसरा खुद को राजा मानने की भूल नहीं करता। उज्जैन में दो राजा एक साथ नहीं रूक सकते। इसलिए जो भी व्यक्ति किसी उच्च पद रहता है वह कभी भी उज्जैन में रात्रि विश्राम नहीं करता। ऐसी मान्यता है कि जो भी शासक रात में उज्जैन में रुकता है, उसकी सत्ता चली जाती है। देश के चौथे प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई उज्जैन में एक रात रुके थे। उसके बाद उनकी कुर्सी चली गई थी। यहीं वजह है कि मंगलवार को सीएम शिवराज सिंह ने बैठक की अध्यक्षता से इनकार कर एक नई परंपरा शुरू की और कैबिनेट बैठक की कमान बाबा महाकाल को सौंपी।

### सिंहस्थ में उज्जैन से बाहर हुआ था सम्मेलन

कुछ साल पहले सिंहस्थ मेले में प्रदेश सरकार ने तीन दिवसीय सम्मेलन कराया था, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए थे। तब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने रहने के लिए आयोजन स्थल के पास मिट्टी की कुटिया बनवाई थी। आयोजन स्थल ग्राम निनौरा में किया गया था, जो उज्जैन की सीमा से बाहर है।

### महाकाल की नगरी में रात में नहीं रुकते राज परिवार को लोग

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर राजपरिवार से है। उज्जैन पहले सिंधिया रियासत में शामिल था। सिंधिया राजपरिवार का कोई भी सदस्य कभी उज्जैन में रात को नहीं ठहरता। सिंधिया राजपरिवार का एक पैलेस भी उज्जैन की सीमा के बाहर बना है। दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह राघौगढ़ राजघराने से आते हैं। वह भी कभी उज्जैन में रात नहीं रुकते।

### देवी अहिल्या बाई होलकर ने भी शिवजी को सौंपी थी सत्ता

मालवा की शासिका रही राजमाता देवी अहिल्या बाई होलकर भगवान शिव की अनन्य उपासक थी। जब पति और ससुर की मौत को बाद उन्हें सत्ता मिली तो उन्होंने राजगादी भगवान शिव को समर्पित कर दी। वह अपने हर आदेश में लिखा करती थी हुजूर शंकर ऑर्डर... उनके राज के सिक्कों पर भी शिवलिंग अंकित होता था। अपने शासन काल के दौरान देवी अहिल्या बाई होलकर कभी राजगादी पर नहीं बैठी, बल्कि उन्होंने शिवलिंग को राजगादी पर विराजमान किया था। मंगलवार को कैबिनेट बैठक के दौरान भी कुछ ऐसा ही नजारा उज्जैन में दिखा।



गोटेगांव स्थित पथरहां कुआं विवेकानंद चौक पर विराजित माँ जगत जननी दुर्गा जी की मनोहारी प्रतिमा।

फोटो--आयुष नेमा

# गौ की महिमा अपरंपार है, मां शब्द की उत्पत्ति गोमुख से हुई

**टिकारी में सरपंच श्रीमती राधा राहुल सिंह ने किया गौशाला का पूजन**

**जबलपुर यशभारत।** गौ की महिमा अपरंपार है, माँ शब्द की उत्पत्ति भी गौमुख से हुई है यदि खुर से उड़ी हुई धूलि को जो सिर पर धारण करता है वह सभी तीर्थों का पुण्य अर्जित करता है ।उक्त उद्गार सुशील सिंह राजपूत पूर्व जनपद सदस्य ने पनागर के ग्राम इमलिया टिकारी में श्यामा गौशाला उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त करते हुए हर्ष जताया कि गांव में गौ सेवा के नये युग की शुरुआत हो रही है। उन्होंने ग्रंथों में सुरभि कामधेनु ,नंदिनी पदमा, कपिला आदि गौ माताओं का महत्व बताते हुए कहा कि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव ने भी असि मसि सहित कृषि गोवंश के महत्व को समझाया ।इस मौके पर अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल के अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने भी बताया कि शिव मंदिर में काली गाय के दर्शन मात्र से कालसर्प योग का निवारण हो जाता है ,पीपल व तुलसी पौधे के बाद देसी घी गाय के जलते हुए कंडे पर डाला जाए तो सर्वाधिक ऑक्सीजन मिलती है। गौशाला उद्घाटन पर मुख्य अतिथि श्री राजपूत के दीप प्रज्वलन के पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती राधा राहुल सिंह ने गौ माता का पूजन किया ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भगवा मलन संघ के सचिन गुप्ता ने भी गौ महिमा बताई । कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए संस्था के राष्टीय अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने कहा कि वर्तमान में देसी गायों का पालन पोषण करने का प्रतिशत कम होता जा रहा है जो की चिंता एवं चिंतन का विषय है। सेवा दल सनातनी परंपरा के अनुसार गौमाता के पंचगव्य व गौमाता के संरक्षण हेतु जन जागरूकता अभियान शुरू करने जा रहा है। इस अवसर पर सभी गायों को लंपी वायरस का टीका डॉ मनोज बैश्य एवं उनकी टीम के द्वारा लगाया गयाऋकार्यक्रम में रोहित सिंह अशोक सिंह नारायण सिंहक सुमेर सिंह राम जी दुबे राजेश सिंह ठाकुर धर्मेंद्र पटेल राज किशोर सिंह राममिलन जयसवाल धीरज मिश्रा श्री चौबे सर ब्रजीत सिंह सोनेलाल ठाकुर सहित अनेक ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।आभार प्रदर्शन मुनेश भारद्वाज ने किया ।



## पमरे से गुजरने वाली चार जोडी रेलगाडियों में अस्थाई कोच की अवधि बढाई

**जबलपुर यशभारत।** रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर अतिरिक्त यात्री यातायात एवं प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जाते रहे है। इसी कडी में पमरे से गुजरने वाली चार जोडी रेलगाडियों में अस्थाई कोच की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इन ट्रेनों की अस्थाई कोच कि अवधि बढ़ाने की विस्तृत जानकारी इस प्रकार है।1) 22867/68 दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग द्वि-साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन में दुर्ग से दिनांक 04.10.2022 से 28.10.2022 तक एवं निजामुद्दीन से दिनांक 05.10.2022 से 29.10.2022 तक दो कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के लगाए जायेंगे। 2) *18201/02 दुर्ग-नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन*में दुर्ग से दिनांक 05.10.2022 से 28.10.2022 तक एवं नवतनवा से दिनांक 07.10.2022 से 30.10.2022 तक एक कोच शयनयान श्रेणी के लगाए जायेंगे। 3) *18205/06 दुर्ग-नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन*में दुर्ग से दिनांक 06.10.2022 से 27.10.2022 तक एवं नवतनवा से दिनांक 08.10.2022 से 29.10.2022 तक एक कोच शयनयान श्रेणी के लगाए जायेंगे। 4) *20847/48 दुर्ग-उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन*में दुर्ग से दिनांक 05.10.2022 से 26.10.2022 तक एवं उधमपुर से दिनांक 06.10.2022 से 27.10.2022 तक एक कोच शयनयान श्रेणी के लगाए जायेंगे।

# स्टेशन एवं गाड़ियों में गंदगी फैलाने वालों से पमरे ने 3 लाख 60 हजार जुर्माना वसूला

***जबलपुर यशभारत।पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर सहित तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को स्टेशन परिसर एवं गाडियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन तथा प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन में पमरे मण्डलों के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को भी जागरुक किया जाता है।***

इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने का अनुरोध किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है।मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि माह अगस्त 2022 में पमरे के तीनों मण्डलों में कुल 900 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई तथा उनसे 1 लाख 24 हजार 440 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल से अगस्त 2022 तक गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 2739 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 03 लाख 60 हजार 800 रूपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा जुर्माने के साथ साथ ऐसे लोगों को समझाईश भी दी जाती है। साथ ही गंदगी से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए स्टेशन परिसर स्वच्छ रखने के लिए अनुरोध भी किया जाता है।रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि रेलवे आपकी अपनी संपत्ति है, रेल परिसर में कृपया गंदगी न फैलाएं। स्टेशन का वातावरण स्वच्छ, सुंदर रखने में रेल प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहभागी बनें। गंदगी करने वालों के विरुद्ध आगे भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे

**यात्रियों के लिए राहत की खबर**

## दीपावली एवं छठ पव पर जबलपुर-दानापुर-के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर यशभारत।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कडी में पश्चिम मध्य रेल ने दीपावली एवं छठ त्यौहार के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए जबलपुर-दानापुर-जबलपुर के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गा?ी पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर से प्रस्थान कर सिहोरा रोड, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन की पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों की विस्तृत जानकारी निम्न है।

*गाडी संख्या 01705 /01706 जबलपुर-दानापुर-जबलपुर दीवाली एवं छठ स्पेशल ट्रेन :- गाडी संख्या 01705 जबलपुर से दानापुर स्पेशल ट्रेन दिनांक 27.10.2022 को जबलपुर से 19:45 बजे प्रस्थान कर सिहोरा रोड 20:23 बजे, कटनी 21:00 बजे, मैहर 21:48 बजे, सतना 22:35 बजे अगले दिन प्रयागराज छिवकी 01:55 बजे और 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाडी संख्या 01706 दानापुर से जबलपुर स्पेशल ट्रेन दिनांक 28.10.2022 को दानापुर स्टेशन से 12:45 बजे प्रस्थान कर,अगले दिन सतना 00:55 बजे, मैहर 01:28 बजे, कटनी 02:30 बजे, सिहोरा रोड 03:13 बजे और 04.15 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी।

कोच कम्पोजीशन इस गाडी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 09 शयनयान श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 17 कोच रहेंगे।रेलगाडी के हाल्ट :-* रास्ते में यह गाडी दोनों दिशाओं में सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

# पमरे में राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**जबलपुर यशभारत।** हिंदी दिवस 2022 के उपलक्ष्य में पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय में दिनांक 14 से 29 सितंबर तक राजभाषा पखवाडे का आयोजन किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय के विभागों में राजभाषा प्रयोग-प्रसार के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित करने और कर्मचारियों एवं अधिकारियों को राजभाषा हिंदी के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अपर महाप्रबंधक एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी, शोभन चौधुरी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए राजभाषा एवं सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, हिंदी निबंध, हिंदी-वाक् टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, शुद्ध हिंदी लेखन, हिंदी आशुलिपिक लेखन, हिंदी काव्य पाठ आदि प्रतियोगिताओं तथा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। तदनुसार पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय के विभागों में पखवा? के दौरान राजभाषा प्रयोग-प्रसार के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित करने और कर्मचारियों एवं अधिकारियों को राजभाषा हिंदी के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तथा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अपर महाप्रबंधक एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी, शोभन चौधुरी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मुख्यालय में स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें मुख्यालय के अधिकारी/कर्मचारी बडी संख्या में उपस्थित रहे। इस वाक् प्रतियोगिता में आचार्य गणेश श्रीवास्तव प्यासा जबलपुरी श्रीमती सिद्धेश्वरी सराफ ÷शीलू÷ ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इसी क्रम में अधिकारी प्रश्न मच प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## हीरापुर मंदिर परिसर में चलाया गया सफाई अभियान



**गाडरवारा(यश भारत)** नवरात्रि के पावन अवसर पर मां नर्मदा के तट पवित्र हीरापुर मंदिर मे पूजन,मां नर्मदा की आराधना की गई द्य इसके पश्चात मंदिर परिसर मे भाजपा नेताओं ने सेवा पखबा?ा के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया । इस मौके पर राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी , जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा ,भैयाराम पटैल , गौतम पटेल विश्वनाथ स्थापक घनश्याम राजपूत नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, विष्णु शर्मा ,डॉ हरिगोबिन्द ,राजीव रोहित ढिमोले, पार्षद आनंद दुबे, सुरेंद्र गुर्जर ,चंद्रकांत शर्मा, श्रीकांत राय, चंचल कोरी, मंगल जाटव ,रामेश्वर धानक , संग्राम कुचबंदिया, मण्डल अध्यक्ष सहित अनेक कार्यकर्तागण मौजूद रहे। उक्त अवसर पर मंदिर परिसर की सफाई एवं सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया ।

# बिना मान्यता के चल रहे कई स्कूल

**गोटेगांव, यशभारत।** शिक्षा विभाग की अनदेखी के चलते क्षेत्र में बिना विभागीय मान्यता के कई निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं। राज्य सरकार के सख्त आदेशों के बावजूद बिना मान्यता के स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। इस तरह के प्रकरणों ने शिक्षा विभाग की कार्यशैली को सवालों के कठघरे में खडा कर दिया है। नया शिक्षा सत्र शुरू होने के साथ ही कस्बे सहित कई इलाकों में ग्रामीणों को बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिलाते समय कई बिना मान्यता वाले स्कूलों की लूटमार का शिकार होना पडा रहा है। ऐसे स्कूलों में पांचवीं और आठवीं की मान्यता के बावजूद 10वीं और 12वीं के बच्चों को गुमराह कर दाखिला देकर मोटी रकम ऐंठी जा रही है। बताया जाता है कि शिक्षा के नाम पर स्टूडेंट्स के भविष्य के साथ खिलवाड करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। स्कूल में राइट टू एजूकेशन की नहीं हो रही पालना नहीं होने पर विभाग द्वारा पुलिस कार्रवाई भी की जा सकती है। मगर इस मामले में शिक्षा विभाग का रवैया हैरान करने वाला है। प्रतिवर्ष विभाग की जानकारी में इस तरह के प्रकरण सामने आते हैं, बावजूद इसके बिना मान्यता के संचालित शिक्षण संस्थाओं की सूची बनाई गई और ही ऐसे स्कूलों के खिलाफ पिछले समय में कोई बडी कार्रवाई की गई। जबकि नए सत्र में अनेक स्थानों पर बिना मान्यता शिक्षण संस्थाएं खोलकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड किए जाने की तैयारी हो चुकी है।

सूत्र की माने तो यूनिवर्सल पब्लिक सहित शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे बिना मान्यता के स्कूल संचालित किये जा रहे हैं पूर्व मे शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता से अधिक कक्षाएं नहीं चलाने तथा राइट टू एजूकेशन की पालना के निर्देश दिए थे, लेकिन सत्र की शुरूआत में ही निर्देशों की धज्जियां उडाने में स्कूल संचालक बाज नहीं रहे हैं। निजी स्कूल संचालल अपने स्कूल संचालित कर रहे हैं। इनके द्वारा राइट टू एजूकेशन की पालना में गंभीर अनियमितता बरती जा रही हैं।

### ये है प्रावधान

राइट टू एजूकेशन 2009 में प्रावधान है कि यदि किसी निजी स्कूल द्वारा एक्ट का उल्लंघन किया जा रहा है तो शिक्षा निदेशक उसकी मान्यता रद्द कर जुर्माना वसूल सकता है। अगर कोई निजी स्कूल बिना मान्यता के चलता पाया जाता है तो संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने एवं जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की जा सकती है। क्षेत्र में अभी तक इस तरह की कोई भी कार्रवाई किसी भी स्कूल के खिलाफ शिक्षा विभाग द्वारा नहीं की गई है।

### इधर,बिना मान्यता के संचालित स्कूलों को बंद करने की मांग

गोटेगांव क्षेत्र के कई निजी स्कूल संचालकों ने बिना मान्यता के संचालित ऐसे स्कूलों को बंद किए जाने की मांग की है, जो बिना किसी मान्यता के स्कूल खोल कर शिक्षा के नाम पर बच्चों के भविष्य से खिलवाड कर रहे हैं। यहां तक कि छात्र छात्राओं को अध्ययन प्रमाण पत्र एवं टीसी देने के लिए दूसरे स्कूलों के रहमो करम पर आश्रित है।

### इनका कहना है

क्षेत्र में बिना मान्यता के कई स्कूल चल रहे हैं। इसकी जानकारी मुझे मिली है। अभी स्कूलों के मान्यता को लेकर जांच की जा रही है बहुत जल्द बिना मान्यता संचालित हो रहे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करूंगा।

**उमाशंकर छीरा बीआरसी**

## जिला रोजगार कार्यालय का स्थान परिवर्तित

**नरसिंहपुर यभाप्र।** जिला रोजगार कार्यालय का स्थान परिवर्तित हो गया है। वर्तमान में जिला रोजगार कार्यालय नरसिंहपुर में बस स्टेंड के पीछे प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज कार्यालय के अंतर्गत महिला छात्रावास के खाली भवन में संचालित किया जा रहा है। इस कार्यालय का टेलीफोन नम्बर 07792- 236387 है। पूर्व में जिला रोजगार कार्यालय शंकराचार्य वार्ड नरसिंहपुर की हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में संचालित किया जा रहा थाए जिसे उपरोक्तानुसार परिवर्तित किया गया है। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी ने दी है।

## विश्वरंग पुस्तक यात्रा का आगमन कल

**गाडरवारा(यश भारत)।** आईसेक्ट समूह के रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के तत्वाधान में विश्वरंग पुस्तक यात्रा का आज गुरूवार गाडरवारा में आगमन हो रहा है। यात्रा का उद्देश्य आधुनिक संचार माध्यमों की तमाम चुनौतियों के बाद जनता को किताबों की दुनिया में लौट आने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर पुस्तकों की प्रर्दशनी का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस यात्रा के माध्यम से नगर के छात्रों का साहित्य, संस्कृति और पुस्तकों के प्रति उत्साहवर्द्धन किया जाएगा। आईसेक्ट के जिला प्रबंधक कमल साहू ने बताया कि सारा कम्प्यूटर] नगर पालिका से प्रारंभ होकर शासकीय कन्या उच्चतर शाला में यात्रा पहुंचेगी। जहां पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही साहित्यकारों तथा शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। इसी अवसर पर गत 10 से 24 सितम्बर तक पुस्तक यात्रा के संबंध में आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरूस्कृत किया जाएगा।



## विधायक को अतिथि शिक्षकों ने सुनाई समस्याएं

**चरगवां।** बिजौरी स्कूल पहुंचे विधायक संजय यादव को अतिथि शिक्षकों ने अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान स्कूल में व्याप्त मूलभूत सुविधाओं को भी पूरा कराने की मांग रखी गई। अतिथि शिक्षकों ने विधायक से नियमितीकरण की मांग रखी। विधायक ने अतिथि शिक्षकों की मांग को विधानसभा में उठाने का आश्वासन दिया साथ ही स्कूल की समस्याओं को दूर करने के लिए प्राचार्य को निर्देशित किया।

# नशे के सौदागरों को 12 वर्ष का सश्रम कारावास

नरसिंहपुर यभाप्र। विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार धाकड़ द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले नशे के सौदागर युवा पीढ़ी को बर्बाद करने वाले समाज के दुश्मन रिजवान खान निवासी ग्राम छिंदी जिला छिंदवाड़ा, विवेक कश्यप निवासी ग्राम मैनपुरा जिला कबीरधाम (छग) विशाल मौर्य निवासी वार्ड क्रं. 06लोरमी जिला मुंगेली छग तीनों को अवैध रूप से अपने पास रखें एक क्विंटल गांजा के साथ पकड़े जाने के आरोप में विशेष प्रकरण क्रमांक 15/22 धारा 8/ 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट में दोषी पाते हुए एवं शासन की ओर से पैरवी कर कर रहे अपर लोक अभियोजक अजय शंकर पाल के तर्कों से सहमत होकर तीनों आरोपी गणों को 12 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक लाख 100000 रूपये जुर्माने से दंडित किया है अभियोजन मीडिया प्रभारी नवीन कुमार सोनी अपर लोक अभियोजक ने बताया कि प्रकरण के मुताबिक घटना करेली थाना अंतर्गत 20 नवंबर 2021 को करेली बस्ती में उपनिरीक्षक आर.एस. झारिया अपनी पुलिस टीम के साथ थाने की मोबाइल गाड़ी से सुबह 5.40 बजे गश्त कर रहे थे तभी सफेद रंग की आर्टिका कार क्रमांक सीजी 09 जेके 5827 जो कि पुलिस की गाड़ी को देखकर सायरन सुनकर आर्टिका कार में बैठे चालक ने तेज रफ्तार कर दी, थाना पुलिस करेली ने भी गाड़ी का पीछा कर सूझबूझ से ड्रीम लैंड सिटी के पास जाकर पकड़ा और आर्टिका गाड़ी की तलाशी ली तो कार की डिक्की में खाकी रंग के बीस पैकेटों में एक क्विंटल गांजा के साथ आरोपी गण रिजवान खान, विशाल मौर्य, विवेक कश्यप को अवैध रूप से मादक पदार्थ एक क्विंटल गांजा का मौका पंचनामा बनाकर विधिवत जब्त कर सीलबंद किया गया और आरोपीगण को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 1037/21 धारा 8/20 बी एनडीपीएस एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर टीआई अखिलेश मिश्रा ने आरोपियों से पूछताछ कर विवेचना पूर्ण होने के उपरांत चालान विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# टाटा मोटर्स ने योद्धा 2.0 इंट्रा वी20 बाइ फ्यूल और इंट्रा वी 50 को लॉन्च किया

**एजेंसी।** भारत में वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली सबसे बडी कंपनी टाटा मोटर्स ने आज योद्धा 2.0 इंट्रा वी20 बाइ.फ्यूल और इंट्रा वी50 को लॉन्च किया कंपनी ने इन उत्पादों की पेशकश के साथ ही देश के तेजी से बढ रहे पिकअप सेगमेंट में नए मानक स्थापित किये हैं यह मजबूत और शानदार पिकअप्स एकदम नई बोल्ड डिजाइन में उतारे गए हैं ये नए वाहन भार उठाने की सबसे ज्यादा क्षमताए डेक की सबसे ज्यादा लंबाई और सबसे लंबी रेंज की पेशकश करते हैं इनमें सुरक्षित और आरामदायक ड्राइव के लिये जरूरी कई आधुनिक फीचर्स मौजूद हैं नये योद्धा 2.0 इंट्रा वी20 बाइ.फ्यूल और इंट्रा वी50 को शहरों एवं गांवों में अलग.अलग तरह की जरूरतों में इस्तेमाल करने के लिए डिजाइन किया गया है ये पिकअप्स तेजी से ब रहे कृषिए पोल्ट्री और डेयरी सेक्टर्स की मोबिलिटी जरूरतों को पूरा करने के लिए एकदम आदर्श वाहन हैं इनका इस्तेमाल एफएमसीजीए ई.कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स सेक्टर्स की लगातार बढ रही डिलीवरी आवश्यकताओं को पूरा करने में भी किया जा सकता है ये सभी पिकअप्स अपनी कैटेगरी में स्वामित्व की न्यूनतम लागत पेश करते हैं ताकि ग्राहक ज्यादा से ज्यादा लाभ कमाई कर सकें टाटा मोटर्स ने भारत के सर्वश्रेष्ठ पिकअप्स के लॉन्च को यादगार बनाने के लिये देशभर में ग्राहकों को इनकी 750 यूनिट्स की आपूर्ति की हैं।

## त्यौहार रेडी सेल के साथ इस सीजन आपके त्योहारों को धमाकेदार बनाने के लिए तैयार है जिओमार्ट

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के प्रमुख ई.मार्केटप्लेस, रिलायंस रिटेल के जिओमार्ट ने आज अपकमिंग फेस्टिवल सीजन के लिए अपने महीने भर चलने वाले फेस्टिवल फिएस्टा के शुरुआती की घोषणा की। फेस्टिवल सीजन सेल 23 अक्टूबर, 2022 तक चलेगी। जिओमार्ट में इस दौरान दो सेल इवेंट्स होंगेरू श्त्योहार रेडी सेलश् और बेस्टिवल सेल। ग्राहक जियोमार्ट की ग्रोसरी के अलावा इलेक्ट्रॉनिक्सए,होम एंड किचन, फैशन एंड लाइफस्टाइलए ब्यूटीए एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स पर 80: तक की बचत कर सकते हैं। इस दिवाली अपने सभी ग्राहकों की खाने से लेकर फैशन तक की सभी खरीदारी की ज़रूरतों के लिएए जिओमार्टए वन.स्टॉप शॉप बनने के लिए तैयार है। जहां महीने भर चलने वाले शॉपिंग फेस्टिवल के दौरान ऑफर्स की भरमार होगी। वहीं जिओमार्ट अपने ग्राहकों को एसबीआई ;भारतीय स्टेट बैंक डेबिट कार्ड्स' पर एक अतिरिक्त ऑफर भी देगा।ग्राहक ऐप पर लिमिटेड पीरियड फ्लैश डील्स को देख सकते हैं। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जैसे कि लैपटॉपए स्मार्टवॉच, स्मार्ट एचडी टीवीए स्मार्टफोन, मोबाइल एसेसरीज आदि पर एक्सक्लूसिव डील्स उपलब्ध होंगे । ब्रांडेड प्रॉडक्ट्स के साथ.साथ रिलायंस रिटेल के स्वामित्व वाले ब्रांड जैसे रिलायंस डिजिटल, रिलायंस ट्रेंड्स पर अतिरिक्त ऑफर्स मिलेंगे।

# महाराजा अग्रसेन की नगर में निकली भव्य शोभायात्रा



**गाडरवारा(यश भारत)** नगर में महाराजा अग्रसेन की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल युवा परिषद , महिला मंडल द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया द्य अग्रसेन जयंती के मौके पर सर्वप्रथम लाड़ों मोदन लक्ष्मी नारायण मंदिर मे कुलदेवी महालक्ष्मी जी की पूजा अर्चना हवन अभिषेक किया गया इसके पश्चात बांके बिहारी मंदिर में भी अग्रवाल समाज द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई द्य बांके बिहारी मंदिर परिसर में फैंसी ड्रेस, लकी गेम के अलावा महिला फैंसी ड्रेस एवं फूल बत्ती द्वारा गहना बनाओ प्रतियोगिता लकी गेम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसके साथ ही विवेकानंद वार्ड मे प्रस्तावित अग्रसेन भवन परिसर में वृक्षारोपण कर कदम संस्था को सम्मानित किया द्य शोभायात्रा कुलदेवी महालक्ष्मी महाराजा अग्रसेन की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र बिंदु रही द्य शोभायात्रा में बैंड बाजा घोड़ा बग्गी के साथ अग्रवाल समाज के पुरुष सफेद वस्त्र में एवं महिलाएं लाल वस्त्र धारण कर उत्साहित होते हुए महाराजा अग्रसेन जी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे द्य देव लक्ष्मी नारायण मंदिर चावड़ी से शोभा यात्रा प्रारंभ होकर महावीर भवन शक्ति चौक शिवाला चौक सब्जी मंडी पुरानी गल्ला मंडी झंडा चौक चौकी होते हुए देव बांके बिहारी मंदिर पहुंची वहां पर शोभायात्रा के समापन महाआरती की गई मंदिर परिसर में आयोजित अग्रवाल समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कर पुरस्कृत किया गया इसके साथ ही अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वालों एवं सभी प्रतियोगियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए शासकीय चिकित्सालय परिसर में मानव सेवा संघ के माध्यम से अग्रवाल समाज द्वारा खिचड़ी वितरण किया गया द्यशोभा यात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत हुआ कार्यक्रम के उपरांत प्रसादी वितरित की गई द्य महाराजा अग्रसेन जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल गणेश ट्रांसपोर्ट, अग्रवाल युवा परिषद अध्यक्ष मिलन अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मंजू गुप्ता, उपाध्यक्ष मुकेश खजांची, कोषाध्यक्ष सौरव बंसल, सचिव राजेश अग्रवाल घी वाले, सह सचिव आलोक खजांची, अग्रवाल युवा परिषद के अंशुल अग्रवाल, अक्षांश अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, अवध बंसल, संस्कार अग्रवाल, अक्षत बंसल, वंशिका अग्रवाल, आकांक्षा बंसल, शिखा बंसल एवं महिला मंडल की श्रीमती गीता अग्रवाल, मोना अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, अनीता गुप्ता, सीमा अग्रवाल, खजांची अनुराधा अग्रवाल, रत्ना अग्रवाल, शिल्पी गुप्ता सहित सामाजिक बंधुओं का सराहनीय सहयोग रहा द्य कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल आभार प्रदर्शन महिला मंडल सचिव साधना अग्रवाल ने किया ।

# त्रिदिवसीय विशाल शक्ति चेतना जनजागरण शिविर 3 से



**जबलपुर, यशभारत।** भगवती मानव कल्याण संगठन एक अखिल भारतीय रजिस्टर्ड जनकल्याणकारी अध्यात्मिक संगठन है। जिससे देश. विदेश के करोड़ों लोग जुड़े हुए हैं। यह संगठन समाज में आपसी भाईचारा बनाने, नशामुक्त मांसाहारमुक्त, चरित्रवान, चेतनावान ,पुरुषार्थी एवं परोपकारी समाज का निर्माण करने के साथ ही जातिभेद, छुआछूत, सम्प्रदायिकता आदि सामाजिक बुराईयों को दूर करके, सभी जाति.धर्म.सम्प्रदाय को एकसूत्र में पिरोते हुये समाज के बीच अध्यात्मिक वातावरण निर्मित करके लोगों को मानवता के पथ पर बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उपर्युक्त लक्ष्यों की पूर्ति हेतु संगठन समय.समय पर विभिन्न क्षेत्रों में शक्ति चेतना जनजागरण शिविरों एवं यात्राओं का आयोजन करता है। इन आयोजनों में भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संस्थापक.संचालक धर्मसम्राट् युग चेतना पुरुष सद्गुरुदेव परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के सान्निध्य में लाखों लोग एक साथ सम्मिलित होते हैं। संगठन के केन्द्रीय महासचिव अजय अवस्थी ने बताया कि ऋषियों की पुण्यधरा भारत देश को धर्म.अध्यात्म के क्षेत्र में विकासोन्मुख बनाने और मानवजीवन को दिव्यचेतना से परिपूर्ण करने के लिए ऋषिवर शक्तिपुत्र महाराज के द्वारा ब्यौहारी अनुविभाग क्षेत्र जिला.शहडोल में धर्मधुरी के रूप में स्थापित अध्यात्मिक स्थली पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम पर आस्था के पर्व शारदेय नवरात्र की महत्वपूर्ण तिथियों. अष्टमी, नवमी विजयदशमी 3, 4, 5 अक्टूबर को युगपरिवर्तनकारी त्रिदिवसीय विशाल शक्ति चेतना जनजागरण शिविर महाशक्ति शंखनादष्का आयोजन किया गया है। सद्गुरुदेव जी महाराज के सान्निध्य में 01 लाख से अधिक धर्मयोद्धा इस शिविर में सामूहिक रूप से महाशक्ति शंखनाद करेंगे। जो विश्व रिकॉर्ड के रूप में लिम्का बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया जायेगा।

# सिर में लगी चोट के कारण लगाए गए कठोर टेप से मेरा ध्यान भटका

## बजरंग पूनिया का छलका दर्द




**नई दिल्ली एजेंसी।** ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के जॉन माइकल दियाकोमिहालिस के खिलाफ मुकाबले के दौरान सिर की चोट के लिए चिकित्सकों के द्वार इस्तेमाल किए गए कठोर टेप से नाराज हैं। बजरंग ने गुरुवार को कहा कि इस टेप के इस्तेमाल के बाद उन्हें अपने मुकाबले पर ध्यान बनाये रखने में परेशानी हुई। विश्व कप में अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश में लगे बजरंग पूनिया को बेलग्रेड में अपने शुरुआती मुकाबले के पहले ही मिनट में क्यूबा के एलेजांद्रो एनरिक व्लादेस टोबियर के खिलाफ सिर में चोट के कारण खून निकलने लगा था। ऐसे में वहां मौजूद चिकित्सकों ने उनकी चोट के ऊपर च्कठोर टेपज्लगा दिया था, जिसका उपयोग वास्तव में घुटने और टखने को स्थिर करने के लिए किया जाता है। बजरंग ने एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, भगवान जाने उन्होंने ऐसा क्यों किया? मुझे इससे काफी परेशानी हुई, क्योंकि टेप में मेरे सिर के बाल फंस गए थे। उन्होंने जख्म पर रूई का इस्तेमाल किए बिना टेप चिपका दिया।

टेप हटाने के लिए मुझे एक स्थान से अपने बालों को काटना पड़ा। इसे हटाने में 20 मिनट से अधिक का समय लग गया। उन्होंने आगे कहा, अमेरिकी पहलवान के खिलाफ रणनीति बनाने की जगह मैं और मेरी टीम टेप से निजात पाने में व्यस्त रहे। दो मुकाबलों के बीच मेरे पास 20-25 मिनट का समय था और यह सारा समय टेप हटाने में निकल गया। बजरंग से उनके व्यक्तिगत फिजियो डॉ. आनंद दुबे ने कहा कि आदर्श रूप से डॉक्टरों को हलका चिपकने वाला टेप इस्तेमाल करना चाहिए था। उन्होंने कहा, कठोर टेप के कारण सिर में सूजन आ जाती है। इससे व्यक्ति के सिर में दर्द भी रहता है। आप जानते हैं कि पहलवान प्रतिद्वंद्वी के सिर पर अपना हाथ कैसे डालते हैं। इसलिए हमने इसे हटाने का फैसला किया और हलका चिपकने वाला टेप लगाया। बजरंग अमेरिका के खिलाड़ी से तकनीकी श्रेष्ठता से हारकर स्वर्ण पदक की दौड़ से बाहर हो गए। हालांकि, उन्होंने बाद में रेपचेज दौर के जरिए कांस्य पदक जीता। चार विश्व पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय पहलवान बजरंग ने कहा कि दियाकोमिहालिस से तकनीकी श्रेष्ठता से हारने की उन्हें उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा, मैं 2019 में इस पहलवान से 10-9 से हार गया था। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैं उसे आसानी से हरा देता, लेकिन मैं कम से कम एक करीबी मुकाबले की उम्मीद कर रहा था। पहले, सिर में चोट और फिर इस टेप के मुद्दे ने वास्तव में मुझे परेशान किया।

बजरंग ने रेपचेज दौर में आर्मेनिया के वाजेन तेवानयान को 7-6 से हराकर कांस्य प्ले-ऑफ में प्यूर्टो रिको के सेबेस्टियन सी रिवेरा को 11-9 से मात दी। हालांकि, बजरंग अपने अभियान के दौरान पूरे लय में नहीं दिखे। उन्होंने विरोधी पहलवानों को काफी अंक बनाने दिए और ज्यादातर मैचों को पिछड़ने के बाद जीते। बजरंग के कोच सुजीत मान ने इसे चिंताजनक करार देते हुए कहा, कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां बजरंग को सुधार करने की जरूरत है और च्लेग डिफेंसज्उनमें से एक है। मुझे उनकी ताकत, गति और आक्रामक तरीके से कोई शिकायत नहीं है, लेकिन आप अपने पैर पर इतनी आसानी से पकड़ बनाने नहीं दे सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा, विश्व चैम्पियनशिप और ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा लगभग एक समान है। यह 65 किग्रा में और मुश्किल है। आपने देखा होगा कि हाजी अलाइव (अजरबैजान) एक ओलंपिक पदक विजेता हैं, लेकिन बेलग्रेड से खाली हाथ लौटे हैं। हालांकि, बजरंग अपने प्रदर्शन से संतुष्ट है। उन्होंने कहा, जब आप आक्रमण करते हैं, तो आपको कुछ अंक गंवाने के लिए तैयार होना चाहिए। अगर मैंने अंक गंवाए हैं तो उससे भी ज्यादा बनाए भी हैं। आप रक्षात्मक रह कर दूसरे खिलाड़ी को अंक लेने से रोक सकते हैं, लेकिन खुद अंक बनाने के लिए मैं आक्रामक खेल पर विश्वास करता हूं।

# पाक के पास नहीं है हार्दिक जैसा ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने खोली अपनी टीम की पोल

**नई दिल्ली, एजेंसी। द्विपक्षीय सीरीज का पहला मैच हारने के बाद भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम ने तीन मैचों की टी20 सीरीज को अपने नाम किया। इस सीरीज में भारत के लिए एक हीरो हार्दिक पांड्या भी थे, जिन्होंने पहले मैच में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते हुए अपने करियर का सबसे बड़ा टी20आई स्कोर बनाया। उन्होंने 30 गेंदों में नाबाद 71 रन बनाए थे, जिसमें 7 चौके और पांच छक्के शामिल थे।**




पारी की आखिरी 3 गेंदों पर 3 छक्के जड़कर उन्होंने स्कोर को 190 से 208 तक पहुंचाया था। हालांकि, उस मैच में भारत को हार मिली थी। आखिरी टी20 मैच में भी हार्दिक पांड्या ने मैच के फिनिश किया था, जहां उन्होंने 16 गेंदों में 25 रन बनाए थे। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने हार्दिक पांड्या की तारीफ करते हुए कहा कि उनके जैसा फिनिशर पाकिस्तान टीम में नहीं है।

शाहिद अफरीदी ने समा टीवी पर बातचीत के दौरान कहा, इस तरह का फिनिशर (पंड्या जैसा) हमारे पास नहीं है। हमने सोचा था कि आसिफ अली और खुशदिल शाह काम करेंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। नवाज भी उतने कंसिस्टेंट नहीं हैं और न ही शादाब। इन चार खिलाड़ियों में से कम से कम दो को लगातार बने रहने की जरूरत है। शादाब जिस अवधि में गेंदबाजी करते हैं वह काफी महत्वपूर्ण होता है। जिस दिन वह गेंद से अच्छा काम करते हैं तो पाकिस्तान जीत जाता है।

अफरीदी ने यह भी कहा कि पाकिस्तान को अगले महीने से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप 2022 में सफल होने के लिए अपनी कमजोरियों से उबरने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम जिस तरह की पिचों पर खेल रहे हैं, उसमें आपको दो असली तेज गेंदबाज और एक आलराउंडर की जरूरत है। हमने जो नया लड़का जमाल चुना है, तुम उसे क्यों नहीं खिलाते? उसे एक ऑलराउंडर के रूप में खिलाएं, उससे गेंदबाजी कराएं और फिर उसे बल्लेबाजी करने के लिए कहें। आपको पता चल जाएगा कि वह किस तरह के क्रिकेटर हैं। अगर पाकिस्तान विश्व कप जीतने का सपना देख रहा है तो उसे अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी पर काफी काम करने और पिछले कुछ मैचों में की गई गलतियों को कम करने की जरूरत है।

# मोइन अली भी मांकडिंग करने के लिए तैयार हैं, लेकिन ये है उनके लिए एकमात्र शर्त



**नई दिल्ली, ईएमएस।** जब से दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर चार्ली डीन को मांकडिंग के तरीके से आउट किया है, तभी से इसको लेकर बहस जारी है। अब इंग्लैंड की टीम के ऑलराउंडर और स्टैंड इन कैप्टन मोइन अली ने भी कहा है कि वह केवल एक शर्त के तहत मांकडिंग करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि इस मुद्दे पर बहस और चर्चा बेरोकटोक जारी है। मोइन अली ने कहा है कि अगर कोई खिलाड़ी उन्हें परेशान करेगा तो वे ऐसा करेंगे। हालांकि, मांकडिंग नियमों के खिलाफ नहीं है, बल्कि एक अक्टूबर से तो इसे आधिकारिक रूप से लागू किया जा रहा है, लेकिन कुछ लोग इस कानून से सहमत हैं, जबकि कुछ लोगों का कहना है कि ये खेल भावना के खिलाफ है। यहां तक कि कुछ लोग तो इस तरह के आउट करने को च्धोखाज्कहते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि इसमें गेंदबाज की ओर से कोई स्किल शामिल नहीं है। उधर, इंग्लैंड के अंतरिम कप्तान मोइन अली ने पांचवें टी20 मैच में पाकिस्तान के खिलाफ भिड़ने से पहले इस पर राय दी और कहा, नहीं यह मेरी बात नहीं है। मुझे नहीं लगता कि मैं इसे कभी भी कर पाऊंगा, जब तक कि मैं वास्तव में किसी से नाराज नहीं होता। यह कानून है और इसमें कुछ भी अवैध नहीं है इसलिए इसे करने वाले लोगों के पास अधिकार है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि यह एक आम बात नहीं होगी, या ऐसा कुछ जो नियमित रूप से किया जाता है। उन्होंने आगे कहा, आप वास्तव में विकेट लेने के लिए काम नहीं कर रहे हैं। कम से कम एक रन आउट के साथ, थोड़ा सा काम करना होता है, जैसा अन्य सभी तरह के डिसमिसल में होता है। यह सिर्फ उस आदमी का वेट कर रहा होता है कि वो क्रीज से बाहर निकले और वो बेल्स उड़ा दे। यहां तक कि जब मैं बचपन में गार्डिन में क्रिकेट खेलता था, तो भी यह मेरे बस की बात नहीं थी।

# आइसलैंड क्रिकेट का मजेदार ट्वीट, ऐसे दिया भारत बनाम पाकिस्तान टेस्ट सीरीज कराने का ऑफर

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें सिर्फ आईसीसी और एसीसी इवेंट में ही एक दूसरे से भिड़ती हैं। दोनों देशों के बीच एक दशक से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली गई है। इसके पीछे का कारण दोनों देशों के राजनैतिक संबंध हैं, जो इसकी अनुमति नहीं देते हैं। यहां तक कि दोनों देशों के बीच किसी न्यूट्रल वेन्यू पर भी द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जाती है, लेकिन अब आइसलैंड क्रिकेट ने एक मजेदार ट्वीट करते हुए बड़ा खुलासा किया है। आइसलैंड क्रिकेट बोर्ड ने ट्वीट करते हुए लिखा, हमने सुना है कि इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड यानी ईसीबी ने भारत और पाकिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज की मेजबानी करने का ऑफर दिया है। हम भी आधिकारिक तौर पर घोषणा करते हैं कि आईसीसी हम भी ऐसा करने का ऑफर दे रहे हैं और जून और जुलाई में लगभग 24 घंटे डेलाइट प्रदान कर सकते हैं, साथ ही मैचों को कवर करने वाले बेहतर ट्वीट भी प्रदान कर सकते हैं। स्नाइपर सुरक्षा भी। आइसलैंड क्रिकेट के ट्वीट को देखते हुए ऐसा लगता है कि एडमिन ने मजे लेने के लिए और अपने ट्विटर अकाउंट की रीच को बढ़ाने के लिए इस तरह की हरकत की है, क्योंकि जब दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज बंद हो तो फिर उसे किसी भी जगह आयोजित कराने का ऑफर देना और न देना बेवकूफी ही है। यहां तक कि ईसीबी द्वारा ऐसा कोई कमेंट आधिकारिक तौर पर नहीं आया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान की मेजबानी करने का ऑफर दिया है।

# मैदान पर भिड़ने वाले थे किरोन पोलार्ड और राशिद खान, लेकिन लग गए एक दूसरे के गले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज टीम के पूर्व कप्तान किरोन पोलार्ड और अफगानिस्तान के ऑलराउंडर राशिद खान कैरेबियन प्रीमियर लीग यानी सीपीएल 2022 के दौरान भिड़ने वाले थे, लेकिन वे एक दूसरे को हग करते नजर आए। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल है, जिसे अफगानी ऑलराउंडर ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। दोनों इस समय सीपीएल में अलग-अलग टीमों के लिए खेल रहे हैं। दरअसल, 22 सितंबर को हुए सीपीएल के मैच की एक छोटी सी क्लिप को राशिद खान ने अपने इंस्टा रील्स पर शेयर किया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि किरोन पोलार्ड राशिद के ऊपर गुस्सा करते हुए दिखाई दे रहे हैं और राशिद उनकी तरफ जा रहे हैं, लेकिन देखते ही देखते किरोन पोलार्ड के एक्सप्रेशन गुस्से से बदलकर हंसी वाले हो जाते हैं और फिर दोनों खिलाड़ी गले मिलते हैं। आपको बता दें, कैरेबियन प्रीमियर लीग का 2022 का सीजन अब अपने अंतिम चरण में है। वहीं, किरोन पोलार्ड की कप्तानी वाली ट्रिनबागो नाइट राइडर्स और राशिद जिस टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं वो टीम इस सीजन के सिर्फ 10 में से 3-3 मैच ही जीत पाई हैं। सेंट किट्स एंड नेविस पेट्रिएट्स टीम पांचवें और ट्रिनबागो टीम छठे नंबर पर अपना टूर्नामेंट खत्म कर पाई हैं। आखिरी मैच सेंट किट्स ने जीता था।



# पीएस-1 की रिलीज से पहले ऐश्वर्या ने बॉलीवुड बनाम साउथ पर तोड़ी चुप्पी

**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय जल्द ही फिल्म पोन्नियिन सेलवम-1 में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म से एक्ट्रेस चार साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। फिलहाल वह इसके प्रचार में जोर-शोर से जुटी हुई हैं। हाल ही में फिल्म के प्रमोशन के दौरान जब उनसे बॉलीवुड बनाम साउथ की फिल्मों के बारे में पूछा गया तो इस मुद्दे पर उन्होंने खुलकर अपनी बात रखी। एक्ट्रेस ने कहा कि अभी भारतीय सिनेमा के लिए एक अद्भुत समय है क्योंकि दर्शक हर हिस्से से फिल्में देखना चाहते हैं। कई दक्षिण भारतीय फिल्में जैसे आरआरआर, पुष्पा-द राइज और केजीएफ चैप्टर 2 हाल के दिनों में पैन इंडिया हिट हुई हैं। ऐश्वर्या ने कहा कि इससे यह साफ तौर पर पता चलता है कि लोग देश भर के सिनेमा को पसंद कर रहे हैं। ऐश्वर्या ने कहा कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के बीच भाषा की बाधा अब टूट रही है और हर जगह की फिल्में अब सभी को देखने को मिल रही हैं। पिछले कुछ महीनों में कई गैर-हिंदी फिल्में पूरे भारत में बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई हैं। हाल के महीनों में, हिट के रूप में उभरी हिंदी फिल्मों की संख्या गैर-हिंदी फिल्मों की तुलना में कम थी। जूनियर एनटीआर, राम चरण, आलिया भट्ट और अजय देवगन अभिनीत एसएस राजामौली की आरआरआर जैसी फिल्में तेलुगु में बनाई गई, और अन्य भाषाओं में डब और रिलीज की गई। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि पारंपरिक ढंग से सोचने की जगह अब हमें दर्शकों की पसंद के हिसाब से अलग तरीके से सोचना पड़ेगा। बता दें कि ऐश्वर्या के अलावा इस फिल्म में चियान विक्रम, कार्थी, तृषा कृष्णन, जयराम रवि, ऐश्वर्या लक्ष्मी, शोभिता धुलिपाला नजर आने वाली हैं। इसका निर्देशन मणिरत्नम ने किया है। यह फिल्म 30 सितंबर को रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसका मुकाबला ऋतिक रोशन और सैफ अली खान की फिल्म विक्रम वेधा से है।आशा पारेख को था इस शादीशुदा शख्स से प्यार, अकेलेपन का झेला दर्द, लेकिन नहीं की कभी शादी, आशा पारेख को 2020 दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि आशा अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी सुर्खियों में रहती थीं।

# खुद को शेर बताने वाली टीवी की इस फेमस बहू को 'बिग बॉस' ने कराया चुप, बोले- तुम सेर तो मैं सवासेर




**मुंबई ,एजेंसी।** सलमान खान अपने कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस के नए सीजन के साथ एक बार फिर वापसी करने जा रहे हैं। 1 अक्तूबर से शुरू होने जा रहे बिग बॉस 16 में इस साल बहुत कुछ नया देखने को मिलेगा। अभी तक शो में आने वाले कंटेस्टेंट के नाम रिवील नहीं किए गए हैं, लेकिन प्रोमो जारी कर उनकी झलक दिखाई जा रही है। हाल ही में शो का एक और प्रोमो सामने आया है, जिसमें एक और कंटेस्टेंट की झलक दिखाई गई है। कलर्स के ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर बिग बॉस 16 का नया प्रोमो शेयर किया गया है। इस प्रोमो में एक्ट्रेस का चेहरा नहीं दिखाई दे रहा है, लेकिन आवाज से ही फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि यह हसीना कौन है। प्रोमो में दिखाया गया है कि एक एक्ट्रेस सोफे पर बैठी हुई है और इमली का बूटा बेरी का पेड़ गा रही है। इसके बाद बिग बॉस की आवाज आती है जो कहते हैं, इमली खट्टी कड़वा बेर। इस पर एक्ट्रेस कहती हैं, इस सीजन के हम दो शेर, तो बिग बॉस कहते हैं, गलत तुम सेर तो मैं सवासेर।

### इमली होंगी बिग बॉस के घर का हिस्सा

दरअसल, यह एक्ट्रेस और कोई नहीं स्टार प्लस के शो इमली का हिस्सा रही सुम्बुल तौकीर खान हैं। सुम्बुल तौकीर खान इमली सीरियल में इमली का किरदार निभाती थीं, जिसका किरदार हाल ही में शो से खत्म हो गया है। टीवी की चहेती बहू अब बिग बॉस के घर में अपना जलवा बिखेरने को तैयार हैं। हालांकि प्रोमो में सुम्बुल का चेहरा नहीं दिखाई दे रहा है, लेकिन उनकी आवाज और अंदाज से साफ पता चल रहा है कि वह शो का हिस्सा बन गई हैं।

### इन सितारों के नाम आए सामने

बता दें कि अब तक बिग बॉस के तीन कंटेस्टेंट की झलक दिखाई जा चुकी है। तीनों ही कंटेस्टेंट के चेहरे नहीं दिखाई दे रहे थे, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स ने सभी को पहचानने का दावा किया है। दावा किया जा रहा है कि गौतम विज, चांदनी शर्मा और निम्रत कौर शो का हिस्सा बन गए हैं। वहीं, अब सुम्बुल शो की चौथी कंटेस्टेंट हैं।

# 'आशिकी 3' नहीं इस फिल्म में नजर आएंगी जेनिफर विंगेट, इस निर्देशक से मिलाया हाथ



**मुंबई, एजेंसी।** छोटे पर्दे की मशहूर अभिनेत्री जेनिफर विंगेट अक्सर किसी ना किसी वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री एक्टिंग के साथ ही सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। टीवी जगत में अपनी एक अलग पहचान बना चुकीं जेनिफर अब बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। बीते दिनों सामने आई खबरों में ऐसा दावा किया जा रहा था कि एक्ट्रेस कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म आशिकी 3 में स्क्रीन शेयर करती नजर आने वाली हैं। हालांकि, बाद में यह खबरें महज अफवाह साबित हुई थी। इसी क्रम में अब हाल ही में एक्ट्रेस से जुड़ी एक और नई खबर सामने आ रही है। सामने आई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री जल्द ही बॉलीवुड के मशहूर फिल्म निर्माता विशाल भारद्वाज की फिल्म में नजर आने वाली हैं। जानकारी के मुताबिक यह फिल्म उनके डेब्यू के बाद उनकी दूसरी बॉलीवुड फिल्म होगी। फिर से के बाद विशाल की यह फिल्म जेनिफर विंगेट की दूसरी मूवी होगी। बता दें कि मनोरंजन जगत की क्वीन जेनिफर विंगेट बतौर चाइल्ड एक्ट्रेस भी बॉलीवुड में काम कर चुकी हैं। लेकिन बॉलीवुड में असल मायने में उन्होंने साल 2015 में फिल्म फिर से से डेब्यू किया था। वहीं, विशाल संग उनकी फिल्म के बारे में बात करें तो इस फिल्म में अभी तक जेनिफर विंगेट के किरदार के बारे में खास जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन रिपोर्ट्स में यह बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस इस फिल्म में मुख्य किरदार निभाती नजर आ सकती हैं। हालांकि अभी तक जेनिफर विंगेट या निर्माता की ओर से इस मामले पर आधिकारिक तौर कुछ भी नहीं कहा गया है। अभिनेत्री जेनिफर विंगेट ने टीवी की दुनिया में अपनी जबरदस्त पहचान बनाई है।

# आशा पारेख को था इस शादीशुदा शख्स से प्यार, अकेलेपन का झेला दर्द, लेकिन नहीं की कभी शादी

**नई दिल्ली, ईएमएस। अपने समय में बॉलीवुड की दीवा रहीं आशा पारेख ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। आशा हालांकि अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी सुर्खियों में रही हैं। आशा का फिल्म प्रोड्यूसर नासीर हुसैन के साथ रिलेशन था। दोनों के रिलेशनशिप की खबरें बॉलीवुड के गलियारों में खूब रहती थी। हालांकि यह रिश्ता ज्यादा समय तक चला नहीं क्योंकि नासीर शादीशुदा थे। भले ही आशा, नासीर से बेहद प्यार करती थीं, लेकिन वह अपने प्यार के खातिर किसी का घर, परिवार नहीं तोड़ना चाहती थीं। आशा ने खुद इस बात को कबूला था।**

### किसी का घर नहीं तोड़ना चाहती थीं

पूरी लाइफ सिंगल रहने पर आशा ने एक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में कहा था, अकेले रहने का मेरा फैसला बिल्कुल सही था। मैं एक शादीशुदा आदमी को प्यार करती थी, लेकिन मैं उसका बसा-बसाया घर नहीं तोड़ना चाहती थी। मैं उसके बच्चों को टॉर्चर नहीं कर सकती थी। यही वजह है कि मैंने अपने प्यार को उसके परिवार के लिए नजरअंदाज किया। देखिए समय और परिस्थितियां ही सब होती हैं। जो होना होता है, उसे आप रोक नहीं सकते। जो आपकी किस्मत में नहीं है उसे आप रख नहीं सकते।

### दोबारा हुआ फिर वही किस्सा

आशा ने एक बार यह भी बताया था एक बार वह शादी करने ही वाली थीं, लेकिन उनके साथ पुराना किस्सा दोबारा हुआ। उन्होंने कहा था, मैं एक प्रोफेसर के काफी करीब आ गई थी जो यूएस में रहते थे और उनसे शादी भी करना चाहती थी। मैं उनसे कई बार मिली। हम एक दिन कैफे में बैठे थे और उन्होंने मुझसे कहा कि मेरी एक गर्लफ्रेंड है और आप रास्ते में आ गई। इस किस्से के बाद आशा ने फिर कभी शादी नहीं करने के अपने फैसले को जारी रखा। आशा का कहना था कि शायद उनकी किस्मत में ही नहीं था शादी होना। उन्होंने कहा था, मैं भी शादी करना चाहती थी और चाहती थी कि मेरे भी बच्चे हों। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। हालांकि मुझे इस पर अब कोई पछतावा नहीं है।



### मां का रह गया सपना अधूरा

आशा की मां भी हार मान गई थीं। एक्ट्रेस ने बताया था कि उनकी मां ने उनके लिए कई लड़के देखे, लेकिन उन्हें वह अपने लिए सही नहीं लगे। इतना ही नहीं एक समय के बाद तो उनकी मां भी हार मान गईं। वह जिस किसी के साथ मेरी कुंडली दिखवातीं तो यही कहा जाता कि मेरी उस शख्स के साथ शादी नहीं चलेगी।

### मैदान पर भिड़ने वाले थे किरोन पोलार्ड और राशिद खान, लेकिन लग गए एक दूसरे के गले

कैरेबियन प्रीमियर लीग यानी सीपीएल के एक मैच के दौरान मैदान पर किरोन पोलार्ड और राशिद खान भिड़ने वाले थे, लेकिन वे एक दूसरे के गले मिलते नजर आए। इसका वीडियो राशिद ने शेयर किया है।

# नगर निगम कमिश्नर पर 50 हजार की कास्ट

## लेबर कोर्ट के निर्देशों का नही किया गया पालन अवमानना से बचने लगाई थी रिव्यू याचिका

**जबलपुर,यशभारत।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने जबलपुर नगर निगम आयुक्त पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा है कि जब उनके खिलाफ अवमानना प्रकरण चलने लगा तो उन्होंने रिव्यू याचिका दायर कर दी। रिव्यू 6 साल बाद दायर की गई जो नियम के खिलाफ है, लिहाजा जस्टिस नंदिता दुबे की एकल पीठ ने इस मत के साथ नगर निगम आयुक्त पर 50 हजार रुपए की कास्ट लगाई है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि यह राशि 30 दिन के भीतर आर्मी सेंटर वेलफेयर फंड में जमा करा दी जाए। दरअसल दैनिक वेतनभोगी अवधेश बाजपेई की ओर से दायर की गई याचिका में कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर दैनिक वेतन भोगी के रूप में पदस्थ था। लेबर कोर्ट ने 15 जुलाई 2003 से नियमितीकरण का लाभ देने के लिए निर्देश भी दिए थे, लाभ नहीं मिलने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। हाईकोर्ट ने 26 जून 2016 को लेबर कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए 30 दिन के भीतर अनाआवेदक को सभी लाभ देने के आदेश दिए थे। इसके बाद भी कार्यवाही नहीं हुई तो अनाआवेदक ने अवमानना याचिका दायर की। उन्होंने बताया कि नगर निगम बार-बार मोहलत लेती गई और अवमानना कार्रवाई से बचने के लिए रिव्यू याचिका दायर कर दी।



# अजय विश्नोई ने फिर साधा सीएम पर निशाना, महाकौशल की उपेक्षा का आरोप





## गोदामों का किराया कम करने को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**जबलपुर यश भारत।** पूर्व मंत्री व पाटन विधायक अजय विश्नोई ने एक बार फिर महाकौशल के साथ हो रहे अन्याय का मुद्दा उठाया है जिसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को पत्र लिखा है। जानकारी के मुताबिक अजय विश्नोई ने मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन से अनुबंध गोदामों का भंडारण शुल्क कम किए जाने का मामला उठाते हुए मुख्यमंत्री से मांग की है कि वे इस विषय को गंभीरता से लें और घटाए हुए किराए को फिर से बढ़ाने की कृपा करें ।विश्नोई ने पत्र के माध्यम से मांग की है की महाकौशल क्षेत्र खास तौर पर जबलपुर में धान का सर्वाधिक उत्पादन होता है और जिसको लेकर यहां बड़ी संख्या में वेयरहाउस बनाए गए हैं, जिसमें लगभग सभी बैंक से फाइनेंस है। ये सभी वेयरहाउस बैंक से फाइनेंस, किराए की दर के आधार पर ही कराए गए हैं। ऐसे में एकाएक प्रदेश सरकार द्वारा गोदामों का किराया आधे से भी कम कर दिया गया है। जिसके चलते संचालकों के खाते एनपीए हो जाएंगे और वह कर्ज में डूब जाएंगे।

पत्र में अजय विश्नोई द्वारा जो धान के रखरखाव को लेकर सरकार ने नई नीति लाई है उस पर पुनर्विचार करने की बात कही है। साथ ही उन्होंने जो पूर्व में 83 रुपए किराया दिया जाता था ,अगर वह संभव ना हो तो उसके लिए उन्होंने सरकार द्वारा नए किराए के साथ-साथ नई एजेंसी को जो पैसे दिए जा रहे हैं उसे अलग करके सीधे पैसा वेयरहाउस मालिक के खाते में दिए जाने जैसे सुझाव भी दिए हैं। इस पूरे पत्र में पूर्व मंत्री द्वारा महाकौशल के साथ हो रहे अन्याय के मुद्दे को उठाया है। इसके पहले भी अजय विश्नोई प्रदेश सरकार व सीधे मुख्यमंत्री से महाकौशल व शहर के साथ हो रहे अन्याय को लेकर मुखर रहे हैं ।अब देखना होगा कि उनकी इस अदावत के बाद हालात कितने बदलते हैं।




## प्रवेश को बहता हुआ छोड़कर भाग गए थे दोस्त...

# गौर नदी में मिला 11 वर्षीय बालक का शव



**जबलपुर, यशभारत।** गोराबाजार थाना अंतर्गत एक दिन पहले लापता हुए 11 वर्षीय प्रवेश को गौर नदी, कटियाघाट में खोजने के लिए पुलिस दल, एनडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोर लगातार तलाश करने में जुटे थे। आज बुधवार को रेस्क्यू टीमू को प्रवेश का शव गौर नदी में झाड़ियों में फंसा हुआ मिला। दरअसल प्रवेश नदी की चोई में फंस गया था, जब शव फूल गया तो उतराता हुआ देखा गया। जिसके बाद टीम ने बालक के शव को पानी से बाहर निकाल लिया है। वहीं, लाड़ले का शव देख परिजन गमगीन है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र निवासी प्रवेश उर्फ छोटू एक दिन पहले घर से अचानक लापता हो गया था। पुलिस अपने स्तर पर पतासाजी कर रही थी। तभी जांच के दौरान पता चला कि प्रवेश कटियाघाट में देखा गया है। प्रवेश के चाचा ने बताया कि उसके साथ दो अन्य बच्चे थे। जिन्होंने पूछताछ में बताया कि वह प्रवेश के साथ नहाने गए थे। लेकिन जब प्रवेश बहने लगा तो सब भाग गए। नदी के किनारे प्रवेश के कपड़े भी मिले थे। जिसके बाद एनडीआरएफ, स्थानीय गोताखोर लगातार बालक को नदी में तलाश करने में जुटे थे।

### क्षेत्र में शोक की लहर

प्रवेश का शव जैसे ही कटियाघाट से बाहर निकाला गया, परिजन चीख पड़े। जबकि वह अभी तक यह आशा लगाए बैठे थे अभी प्रवेश आएगा और उसके साथ घर चलेंगे। लेकिन शव देखकर उनका यह भरम भी टूट गया। जिसके बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल करने में जुटी है।



## मां चन्द्रघण्टा

नवरात्रि का तीसरा दिन मां चंद्रघंटा को समर्पित है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। मां चंद्रघंटा ने असुरों का संहार किया था। मां चंद्रघंटा ने पृथ्वी पर धर्म की रक्षा और असुरों का संहार करने के लिए अवतार लिया था। मां दुर्गा के इस रूप की विशेष मान्यता है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मां चंद्रघंटा को परम शांतिदायक और कल्याणकारी माना गया है। मां चंद्रघंटा के मस्तिष्क पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है। इसीलिए इन्हें मां चंद्रघंटा कहा जाता है। मां चंद्रघंटा का रूप रंग स्वर्ण के समान है। मां चंद्रघंटा देवी के दस हाथ हैं। इनके हाथों में शस्त्र.अस्त्र विभूषित हैं और मां चंद्रघंटाकी सवारी सिंह है।

**मां चंद्रघंटा की पूजा का महत्व**-मान्यता है कि जो भी व्यक्ति नवरात्रि में मां चंद्रघंटा की पूजा विधि पूर्वक करता है उसे अलौकिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। वहीं मां चंद्रघंटा की पूजा और उपासना से साहस और निडरता में वृद्धि होती है। हर प्रकार के भय से मुक्ति मिलती है। मां चंद्रघंटा की पूजा करने सौम्यता और विनम्रता में भी वृद्धि होती है। विधि पूर्वक पूजा करने से मां अपने भक्तों को आर्शीवाद प्रदान करती हैं। मां चंद्रघंटा की पूजा करने से रोग से भी मुक्ति मिलती है।

**इनकी आराधना का मंत्र है :**

**या देवी सर्वभूतेषु मां चंद्रघंटा रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमो नम: ।।**


**विभाग**

**ट्रामा एवं एक्सीडेंट यूनिट**

सर्जन डॉ. दीपक सक्सेना (एम.एस)
(एफए.आईएस, एफआईएजीईएस, एफएमएएस)
डॉ शोभना सक्सेना (एम.एस.)
(एफएआईएस, एफआईएजीईएस)

कंधा एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ हड्डी के सभी प्रकार के कंधा एवं रोगों का अत्याधुनिक तरीके से इलाज की सुविधा

डॉ अखिलेश जैन (एमबीबीएस, एमएस, ईएनटी)
कान, नाक एवं गला एलर्जी विशेषज्ञ

**अस्थि रोग**

डॉ अखिलेश जैन (एम.एस. आर्थो)

**मेडिसिन विभाग**

डॉ. प्रवीण वैश्य (एम.डी.)
डॉ. ऋषभ जैन (एम.डी.)
शिशु एवं नवजात रोग विभाग, स्त्री रोग
डॉ. अलका सक्सेना

**शिशु रोग**

डॉ. अशोक चौदहा

**निश्चेतना**

डॉ. राजेन्द्र गुप्ता (डी.ए.)
डॉ.विजय पंजवानी (डी.ए.)
डॉ. पूजा जैन (एम.डी.)

**दंत रोग**

डॉ. शोभित प्यासी (एम.डी.एस.)

**पैथोलॉजी**

डॉ. कुलदीप बजाज (डी.सी.पी.)

**फिजियोथेरेपी**

डॉ. अतुल कुमार चौबे (फिजी.)

# श्री हॉस्पिटल

**बहुआयामी चिकित्सा सेवाओं का केन्द्र**





**एक छत के नीचे विभिन्न विभागों का संगठन**

- जनरल एवं लेप्रोस्कोपिकसर्जरी (दूरबीन)
- स्त्री रोगएवं प्रसूति विभाग
- अस्थि रोग विभाग
- ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं आर्थोस्कोपी
- मेडिसिन विभाग
- नवजात एवं शिशु रोग विभाग
- नाक, कान एवं गला रोग विभाग
- जनरल एवं लेप्रोस्कोपिकसर्जरी (दूरबीन)
- नेत्र रोग विभाग
- डेंटल ओरल एवं मेक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- रेडियोलॉजी विभाग (एक्स-रे सोनोग्राफी)
- पैथालॉजी विभाग
- वीडियो एंडोस्कोपी

**श्री हॉस्पिटल द्वारा संचालित**

**सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग कोर्स/सांईनाथ इंटीट्यूशन्स**

| | |
|---|---|
| ANM 2 Years | BA Bed 4 Years |
| GNM 3 Years | D Ed. 2 Years |
| BSC 4 Years (Nursing) | B Ed. 4 Years |
| Post BSC | MSC |

छात्रावास एवं लाईब्रेरी की सुविधा उपलब्ध

आपातकालीन सेवाएं दुर्घट एवं फ्रेक्चर क्लीनिक एम्बुलेंस, फार्मेसी

संपर्क: एम.एम. चौबे वार्ड, एन एच -7 जबलपुर रोड, कटनी (म.प्र.) भारत
दूरभाष: 07622-400443, 224043
मो. 9752414316/18, 9425325316, 8962262200


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )